मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 228 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
02 फरवरी 2024
शुक्रवार

आज का मौसम
26 अधिकतम
12 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

झारखंड संकटः सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इंकार

# सीएम की शपथ के बाद विधायक उड़े हैदराबाद, फ्लोर टेस्ट 10 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

सुप्रीम कोर्ट ने आज झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन से पूछा कि आप हाईकोर्ट क्यों नहीं जाते? सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि यह मामला एक मुख्यमंत्री से संबंधित है, जिसे गिरफ्तार किया गया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें सभी के लिए खुली हैं और उच्च न्यायालय संवैधानिक अदालतें हैं। सोरेन ने अपनी याचिका में ईडी पर लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार की सुनियोजित साजिश के तहत उन्हें गिरफ्तार करने का आरोप लगाया है। इसमें कहा गया है कि ईडी अधिकारियों ने केंद्र सरकार के निर्देश पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग किया है, क्योंकि याचिकाकर्ता हेमंत सोरेन की पार्टी जेएमएम विपक्षी गठबंधन इंडिया का सक्रिय घटक है। आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई है।

### संसद में गूंजा मामला, वाकआउट

झारखंड में हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी का मुद्दा आज संसद में भी गूंजा। विपक्ष ने सत्ता पक्ष पर आरोप लगाया कि चुने हुए जन प्रतिनिधियों को परेशान किया जा रहा है। लोकसभा से विपक्ष ने इस मामले में वॉक आउट कर दिया।



### चंपई ने ली शपथ, साथ में डिप्टी सीएम भी

**रांचीः** झारखंड के मनोनीत सीएम चंपई सोरेन आज शपथ लेने से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख शिबू सोरेन से आशीर्वाद लेने पहुंचे। उन्होंने दोपहर में शपथ ली। उनके साथ डिप्टी सीएम के रूप में बसंत सोरेन और आलमगीर आलम ने भी शपथ ली। बसंत सोरेन जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन के पुत्र और पूर्व सीएम हेमंत के छोटे भाई है। वहीं आलमगीर आलम कांग्रेस विधायक हैं और हेमंत सोरेन सरकार में भी मंत्री रहे हैं। आरजेडी कोटे से सत्यानंद भोक्ता को भी मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शपथ ग्रहण के तुरंत बाद



सभी जेएमएम-कांग्रेस विधायकों को विशेष विमान से हैदराबाद शिफ्ट किया जाएगा। 10 दिन के भीतर चंपई सरकार को बहुमत सिद्ध करने की चुनौती।

### जब वापस जाओ के नारे लगे तो आनंदीबेन बोलीं- मैं जाने वाली नहीं

आज उप्र विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा के सदस्यों ने लगातार नारेबाजी व हंगामा किया। सभी विपक्षी सदस्य राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगा रहे थे। इस दौरान भाजपा के



सदस्य भी शोरगुल करने लगे। हालांकि, राज्यपाल अपना अभिभाषण पढ़ती रहीं। मगर बाद में राज्यपाल ने भी जवाब दिया और कहा कि कौन चला जाएगा... ये बाद में पता चलेगा। मैं तो जाने वाली नहीं...। राज्यपाल के जवाब देने से भाजपा सदस्य भी उत्साहित हो गए और एक स्वर में उनका समर्थन किया।

### उप्र में सभी उम्मीदवार बदलेंगे

वहीं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा सत्र के शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं आपको एक ब्रेकिंग न्यूज दे रहा हूं। भाजपा लोकसभा चुनाव 2024 में एक सांसद (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) को छोड़कर सबका टिकट काटने जा रही है और उनकी भी सीट बदल दी जाएगी।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा, दलित व अल्पसंख्यक) ही एनडीए को हराएगा।

### इधर केजरीवाल अड़े



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज भी ईडी के सामने पेश नहीं होंने के फैसला किया है। ईडी के समन को गैरकानूनी बताते हुए उनकी पार्टी ने कहा कि यह केजरीवाल को गिरफ्तार करने की कोशिश है। हम वैध समन का पालन करेंगे।। मोदी पर निशाना साधते हुए पार्टी ने कहा कि उनका मकसद केजरीवाल को गिरफ्तार कर दिल्ली की सरकार को गिराना है। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में चल रही जांच में पूछताछ के लिए आज अरविंद केजरीवाल को बुलाया था। ईडी अब तक पांच समन भेज चुका है।

## दो नई रामसर साइट पर वेटलैंड दिवस मना, देशभर के विशेषज्ञ इंदौर में जुटे




**इंदौर, दोपहर मेट्रो**

रामसर साइट में शामिल हुए देश के स्वच्छतम शहर इंदौर के दो तालाब सिरपुर और यशवंत सागर पर इस वर्ष के विश्व वेटलैंड दिवस का अंतराष्ट्रीय आयोजन कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव आज इंदौर पहुंचे। इस अवसर पर पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी चौबे और रामसर सचिवालय की महासचिव डा. मुसौंदा मुंबा भी मौजूद रहीं। आयोजन में देश की सभी 75 वेटलैंड साइट के प्रतिनिधि, प्राधिकरणों के अधिकारी, विज्ञानी सहित 200 से अधिक विशेषज्ञ शामिल हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने यहां पर आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया। चूंकि इंदौर के दो तालाब इस सूची में इसी वर्ष शामिल हुए हैं, यही वजह है कि इस वर्ष विश्व वेटलैंड दिवस का अंतरराष्ट्रीय आयोजन इंदौर में हो रहा है। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी व स्थानीय विधायक भी मौजूद रहे।

## सीएम बोले-जल्दी ही प्रदेश को मिलेगी नई ट्रेनों की सौगात

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज बताया कि जल्दी ही प्रदेश को कई नई ट्रेनों की सौगात मिलेगी। डॉ यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना वीडियो संदेश जारी करते हुए बताया कि उन्होंने पिछले दिनों दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में मध्यप्रदेश में रेल लाइन के विस्तार और नई ट्रेनों के संचालन के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। जल्द ही प्रदेश को इस दिशा में कई नई सौगातें मिलेंगी। उन्होंने बताया कि उज्जैन-झालावाड़ रेल लाइन को जल्द मंजूरी मिलेगी। उज्जैन-दिल्ली-मुंबई रूट पर नई नमो भारत ट्रेन मिलेगी। इंदौर-भोपाल-उज्जैन के बीच रेपिड रेल और वंदे मेट्रो चलाने के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**इंदौर-दाहोद रेल परियोजना जल्द क्रियान्वित होगीः** उन्होंने बताया कि कोलकाता और वाराणसी से प्रदेश की रेल कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी। राज्य को छह नए रेलवे ओव्हर ब्रिज मिलेंगे। अमृत भारत स्टेशन योजना में प्रदेश के कई स्टेशनों के उन्नयन के कार्य होंगे।

## ज्ञानवापी में आरती का समय तय, पहली तडके 4 बजे, आखिरी रात को



**वाराणसी, एजेंसी।**

ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के तहखाने में दर्शन पूजन आरंभ होने के बाद संत समाज के साथ ही काशी विद्वत परिषद के पदाधिकारियों ने भी पूजन किया। काशी विद्वत परिषद ने व्यासजी के तहखाने को नया नाम ज्ञान तालगृह दिया है। वहीं पांच पहर की आरती का समय भी तय कर दिया गया है। पहली आरती सुबह सुबह 3.30 बजे होगी। प्रतिदिन की शुरुआत मंगला आरती से होगी। अंतिम आरती रात 10.30 बजे होगी। इससे पहले ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा के आदेश के बाद वादी शैलेंद्र पाठक ने बुधवार की शाम को जिलाधिकारी एस राजलिंगम से मुलाकात की और देवी-देवताओं के राग-भोग की तत्काल अनुमति मांगी। तहखाने के रिसीवर जिलाधिकारी ही हैं।

## विवादों में रहने वाली एक्ट्रेस पूनम पांडे की कैंसर से मौत

**मुबंई, एजेंसी।**

अपनी बोल्डनेस और विवादों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस पूनम पांडे की आज अचानक मौत हो गई। उनके मैनेजर ने इस खबर की पुष्टि की। बताया जा रहा है कि पूनम सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित थीं। वे 32 साल की थीं। उनकी टीम ने कहा है कि आज की सुबह हम सभी के लिए बहुत मुश्किल है, पूनम को हमने सर्वाइकल कैंसर के हाथों खो दिया है हर जिंदा चीज जो उनके कॉन्टैक्ट में आया उन्होंने से पूरा प्यार और दयालुभाव दिया।



## यूनिफार्म सिविल कोड पर सीएम को सौंपा ड्राफ्ट

**देहरादून एजेंसी।** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंप दिया गया। अब इसे 5 फरवरी से शुरू होने वाले उत्तराखंड विधानसभा के विशेष सत्र में पेश किया जाएगा। इस तरह उत्तराखंड कॉमन सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा। एक्सपर्ट कमेटी के ड्राफ्ट सौंपने के बाद सीएम धामी ने कहा कि यूसीसी लागू करना हमारे संकल्प पत्र में था। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में सरकार यह वादा पूरा करने जा रही है। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने मसौदा समिति के सदस्य मौजूद थे। इ न्होंने ही उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यूसीसी मसौदा रिपोर्ट सौंपी।सूत्रों का कहना है कि मसौदे में 400 से अधिक धाराएं शामिल हैं इनमें समान



नागरिक संहिता के लागू होने के बाद बहुविवाह पर रोक, लड़कियों की शादी की कानूनी उम्र 21 साल, लिव-इन रिलेशनशिप में रहने वालों को जानकारी देना अनिवार्य जैसे प्रावधान हैं।

## बजट के बाद बाजार में रौनकें लेकिन पेटीएम धराशायी

सेंसेक्स 800 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी।**

अंतरिम बजट पेश होने के बाद आज बाजार में कुछ रौनकें फिर लौटीं। दो दिन से शेयर बाजार में खासा उतार-चढ़ाव देखने को मिला लेकिन आज कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर मार्केट में तूफानी तेजी देखने को मिली। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स खुलने के साथ ही 800 अंक तक उछलकर कारोबार कर रहा था। हालांकि, आरबीआई के एक्शन के बाद पे टीएम के शेयरों में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट आई और ओपन होने के साथ ही इसमें फिर 20 फीसदी का लोअर सर्किट लग गया। आज बाजार के दोनों इंडेक्स हरे




निशान पर खुले। सेंसेक्स ने 576.04 अंक या 0.80 फीसदी की उछाल के साथ शुरुआत की, तो वहीं निफ्टी 172.50 अंक या 0.80 प्रतिशत ऊपर 21,870 पर ओपन हुआ। 1928 शेयर ने तेज कारोबार किया, तो 422 शेयरों ने गिरावट पर शुरुआत की। इधर ऑनलाइन पेमेंट सर्विसेज मुहैया कराने वाली कंपनी पेटीएम का संकट कम नहीं हो रहा है और बैंकिंग सेवाओं पर आरबीआई के बैन का असर कल से कंपनी के शेयरों पर दिखाई दे रहा है। आज भी बाजार खुलने के साथ ही ये धराशायी हो गए, जो बाजार में कारोबार खत्म होने तक इसी हालत में रहे। इसे लेकर कंपनी की ओर से एक स्टेटमेंट भी जारी किया गया है। दरअसल केंद्रीय बैंक ने बीते बुधवार को पेटीएम पर कड़ा एक्शन लेते हुए कहा कि 29 फरवरी के बाद पेटीएम बैंकिंग सेवाएं नहीं देगा और कोई नया ग्राहक नहीं जोड़ सकेगा। इसके साथ ही बैंक 29 फरवरी 2024 के बाद किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टेग में डिपॉजिट/टॉप-अप स्वीकार नहीं कर पाएगा।

मेट्रो एंकर

जीपीएस पर गड़ी नजरों ने डाला मुश्किल में...

# गूगल मैप पर आंख मूंदकर भरोसा, बमुश्किल बची जान!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

गूगल मैप आजकल सड़क पर सफर कर रहे लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है,इसके चलते रास्ता पूछने की जहमत खत्म हो गई है लेकिन यह खतरनाक भी हो सकता है, यह बात थाइलेंड में साबित हुई है। इससे यह साबित हुआ है कि कभी-कभी आंख बंद कर गूगल मैप पर भरोसा करना भी भारी पड़ जाता है। थाईलैंड में एक महिला के साथ कुछ ऐसा ही हुआ। इस मैप ने लकड़ी के फुट ब्रिज पर उसकी कार पहुंचा दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह महिला गूगल मैप को फॉलो करते हुए अपनी कार लेकर आगे बढ़ती गई। नतीजा ये हुआ कि उसकी कार पैदल चलने के लिए बने लकड़ी के सस्पेंशन ब्रिज-वियांग थोंग ब्रिज पर जा फंसी। यह घटना बीते दिनों शाम करीब छह बजे हुई। वह 120 मीटर लंबे पुल पर महिला कार लेकर लगभग 15 मीटर तक चली गई थी लेकिन इसके बाद कार का पहिया एक गैप में फंस गया और कार वहीं अटक गई. ये पैदल पुल टूट सकता था और महिला का जान भी जा सकती थी। महिला की किस्मत अच्छी थी कि एक राहगीर माकुन इंचान की नजर पड़ी। उसने तुरंत इमरजेंसी रेस्पोर्डर्स को सतर्क कर दिया। गंभीर स्थिति को समझते हुए, बचाव दल घटनास्थल का आकलन करने के लिए तेजी से पहुंचे और पुल को और अधिक नुकसान पहुंचाए बिना कार को निकालने की कोशिश शुरू की तथा महिला और उसकी कार को किसी तरह से निकाला गया।



### 'जीपीएस से ये ब्लंडर हो गया'

बचने के बाद महिला ने बताया कि वह नोंग मुआंग खाई जिले की रहने वाली है और सुंग मेन में एक दोस्त से मिलने जा रही थी। इलाके के बारे में ज्यादा पता न होने के चलते वह जीपीएस को फॉलो कर रही थी लेकिन जीपीएस से ही ये ब्लंडर हो गया। उसने कहा कि मेरा फोकस पूरी तरह से जीपीएस पर था और मैंने चारों ओर नहीं देखा। मुझे लगा कि पुल मजबूत होगा। जब मैं फंस गई, तो मैं बहुत डर गई थी क्योंकि मैं योम नदी के बीच में थी। मुझे कार से उतरने में तक डर लग रहा था।

**अत्यधिक निर्भरता** दरअसल आजकल लोगों को किसी भी लोकेशन को ढूंढने में गूगल मैप काफी मदद करता है। अक्सर देखा जाता है कि भारी ट्रैफिक से बचने या समय की बचत करने के लिए गूगल मैप का सहारा लेकर नए रास्ते खोजते हैं. तो कई बार किसी जगह के बारे में कुछ भी पता न होने पर भी गूगल मैप की मदद लेते हैं।

## 7 रूटों पर पुलिस सुरक्षा में थानों के लिए रवाना हुई परीक्षा सामग्री

# कड़ी सुरक्षा के बीच 47 परीक्षा केंद्रों को बांटे पेपर, 57 परीक्षा केंद्रो को मिलेंगे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षाओं के प्रश्नपत्र और शैक्षणिक सामग्री परीक्षा केंद्रों वितरित होना शुरू हो गए हैं। राजधानी भोपाल में मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल टीटीनगर (मंडल का समन्वयक केंद्र) में पहले दिन 47 परीक्षा केंद्रो को प्रश्नपत्र और शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। परीक्षा केंद्राध्यक्ष व सहायक केंद्राध्यक्ष प्रश्न पत्र व गोपनीय सामग्री लेकर पुलिस के साये में रवाना हुए। परीक्षा केंद्रों के नजदीकी थानों में यह प्रश्न-पत्र व परीक्षा से जुड़ी गोपनीय सामग्री पहुंचाई जाएगी। वहीं शेष 57 परीक्षा केंद्रो को शुक्रवार को प्रश्नपत्र और शैक्षणिक सामग्री बांटी जाएगी।**

### कुल 103 परीक्षा केंद्रों, 17 रूट

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा पांच फरवरी से शुरू हो रही है। दोनों परीक्षाओं में 17.50 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे है। राजधानी के कुल 103 परीक्षा केंद्रों पर 17 रूटों से प्रश्न-पत्र नजदीकी थानों में पहुंचाएं जा रहे हैं।



### लगाई जाएंगी लोहे की पेटी

**माध्यमिक** शिक्षा मंडल की पांच फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा केंद्र के बाहर नकल डालने के लिए लोहे की पेटी लगाई जाएगी। इसमें कोई विद्यार्थी अनुचित सामग्री लाता है, तो वह पेटी में स्वेच्छा से डाल सकता है।

## केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाया ट्रैफिक जागरूकता का पाठ

**भोपाल।** यातायात पुलिस द्वारा गुरुवार को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-2 में ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान निरीक्षक यातायात देवेंद्र सिंह यादव ने यातायात के संबंध में बच्चों को जानकारी दी। इसी प्रकार थाना प्रभारी हबीबगंज मनीषराज सिंह भदौरिया ने जीवन में अनुशासन, मोरल ड्यूटीज, विभिन्न अपराधों के संबंध में पुलिस की बेसिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने पुलिस विभाग में कैरियर निर्माण के संबंध में जानकारी देते हुए विभिन्न विषयों पर बच्चों का मार्गदर्शन किया।





## राज्यपाल ने किया बीयू के कैलेंडर का विमोचन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के द्वारा प्रकाशित दीवार कैलेंडर, टेबल स्टैंड कैलेंडर, एवं टेबल कैलेंडर का विमोचन राज्यपाल मंगुभाई पटेल के द्वारा राजभवन में किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस.के. जैन की परिकल्पना से विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कैलेंडर में विश्वविद्यालय की विभिन्न ख्याति प्राप्त उपलब्धियों, गतिविधियों, समृद्ध पुस्तकालय पुस्तकालय में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों एवं अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं उपकरणों के छाया चित्रों को शामिल किया गया है। कैलेंडर में मध्यप्रदेश शासन द्वारा घोषित सार्वजनिक एवं एक्षिक अवकाश की जानकारियां दी गई है। इस अवसर पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. आई.के.मंसूरी एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.पवन मिश्रा भी उपस्थित थे। सभी कैलेंडर की प्रतियां मप्र के विश्वविद्यालयों एवं प्रमुख विभागों को भी भेजी जा रही हैं।

## रक्त की सभी जांचों सहित क्रॉस मैचिंग भी ऑटोमेटिक मशीनों से होगी

### 36 ब्लड बैंकों में आउटसोर्स से होगा काम, हुआ कंपनी का चयन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में अब दान स्वरूप मिलने वाले रक्त की सभी जांचो सहित क्रॉस मैचिंग भी ऑटोमेटिक मशीनों से की जाएगी। खून के सभी तत्व अलग-अलग किए जा सकेंगे, ताकि इसका उपयोग एक से अधिक रोगियों के लिए किया जा सके। सभी ब्लड बैंक में खून के अवयव अलग करने की सुविधा होने पर प्रदेश में रक्त की कमी दूर की जा सकेगी।

दरअसल, प्रदेश के 36 ब्लड बैंकों में यह काम आउटसोर्स माध्यम से करवाने के लिए कंपनी का चयन किया गया है। बताया जा रहा है कि इस कंपनी ने 20 जिला अस्पतालों के ब्लड बैंकों में काम शुरू भी कर दिया है। हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी, मलेरिया, वीडीआरएल (यौन संक्रामक रोगों की जांच के लिए) और एचआईवी की जांच शामिल है।

### रक्तदान वैन चलाने का काम भी आउटसोर्स

इसके अतिरिक्त रक्तदान वैन चलाने का काम भी बाहरी (आउटसोर्स) कंपनी को दिया गया है। इससे भी रक्तदान बढ़ेगा। यह छोटी बसें हैं जिनमें रक्तदाताओं के लिए काउच बने हैं। ब्लड रखने के लिए छोटा फ्रीज है। इन सभी सुविधाओं के बदले सरकार की ओर से आउटसोर्स कंपनी 950 रुपये प्रति यूनिट रक्त के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

## एम्स में हुआ किडनी का सफल ट्रांसप्लांट, निजी अस्पताल में मुकाबले होगा आधा खर्च



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल (एम्स) में अब किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू हो गई है। एम्स के डॉक्टरों के दल ने करीब सात घंटे के आपरेशन के साथ किडनी का सफल ट्रांसप्लांट किया है। इस व्यवस्था के शुरू होने से प्रदेश के उन मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जो मंहगे खर्च के चलते किडनी ट्रांसप्लांट नहीं करा पा रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार, इस आपरेशन का खर्च निजी अस्पताल में पांच से छह लाख तक आता है। जबकि एम्स में इस आपरेशन के लिए 2.5 से तीन लाख का खर्च आता है। डॉक्टरों का कहना है कि बोनमैरों ट्रांसप्लांट के बाद एम्स की टीम ने पहली बार सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया है। इसके बाद बच्चों की किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा भी अगले माह तक शुरू हो सकती है।

**■ राहत: अब बच्चों की किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा भी अगले माह तक शुरू करने की तैयारी**

### बेटे को बचाने पिता ने दी किडनी

एम्स में 32 साल के बेटे की जान बचाने के लिए एक पिता ने अपनी किडनी दान कर दी है। पिता की किडनी से बेटे को नया जीवन मिला है। एम्स भोपाल में सफल किडनी ट्रांसप्लांट का ये पहला मामला है। इसे लेकर एम्स प्रबंधन भी बेहद उत्साहित है। 22 जनवरी को एम्स भोपाल के चिकित्सकों के दल ने करीब सात घंटे के आपरेशन के साथ किडनी का सफल ट्रांसप्लांट किया। इसके पहले मेडिकल टीम ने सचिन की सभी तरह की जांचें करा ली थी। तब किडनी फंक्शन न होने के कारण क्रिएटिनिन का लेबल नौ मिलीग्रामध्डीएल था। अब आपरेशन के बाद यह सामान्य होते हुए 1.3 मिलीग्रामध् डीएल आ गया। बुधवार को स्वस्थ्य होने पर सचिन की छुट्टी भी कर दी गई है। डॉक्टरों की टीम में नेफ्रोलाजिस्ट डॉ महेंद्र अटलानी, डॉ. डी कौशल, डॉ. एम कुमार, डॉ. के मेहरा, डॉ. एस तेजपाल, डॉ. एस जैन और डॉ. सौरभ की टीम ने यह जटिल सर्जरी की है।

### भोज वेटलैंड दिवस पर स्वच्छता श्रमदान



**भोपाल।** आज बड़ी झील स्थित वोट क्लब पर भोज वेटलैंड दिवस के उपलक्ष में वेटलैंड स्वच्छता श्रमदान के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर महापौर ने श्रमदान किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य रविंद्र यति, जोन अध्यक्ष आरती अनेजा एवम अधिकारी उपस्थित रहे।

### कम्प्यूटर, ब्यूटी, सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र किया वितरित

## प्रयास आत्मनिर्भर बना रही छात्र-छात्राओं को

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

वोकेशनल रोटरी सेंटर मां आनंदमई आश्रम संतनगर विगत तीन वर्षों से निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहा है। कम्प्यूटर, ब्यूटी व सिलाई प्रशिक्षण 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने में प्रयास संस्था सहयोगी है।

संचालक व संरक्षक राजेंद्र भंडारी, अल्पना मिश्रा, संस्था के तीनों ट्रेड के प्रशिक्षकों के द्वारा निःशुल्क आत्मनिर्भर कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए गुरूवार को आश्रम में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक बेच के करीब 90 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजेंद्र भंडारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर, ब्यूटी में प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है ताकि यह युवा अपने पैरों पर खड़े होकर अपना जीवन यापन कर सके। इससे बेरोजगारी जैसी समस्या भी समाप्त होगी और युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।।




**मेट्रो एंकर** | विधायक रामेश्वर शर्मा ने सीएम और केन्द्रीय मंत्री गडकरी को लिखा पत्र

# अयोध्या बायपास को जम्बूरी कटारा होते हुए भोपाल बायपास से जोड़ने की मांग

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**



विधायक रामेश्वर शर्मा ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अयोध्या बायपास को वाया जम्बूरी कटारा एलिवेटेड के माध्यम से भोपाल बायपास तक जोड़ने की मांग की है। विधायक ने सीएम को भी पत्र लिखा है।

विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि अयोध्या बायपास को सिक्स लेन किया जा रहा है निश्चित रूप से यह बहुत ही जरूरी था यह भोपाल के लिए बड़ी सौगात है। परन्तु इस अयोध्या बायपास को जम्बूरी मैदान होते हुए कटारा से भोपाल बायपास से जोड़ने पर इसकी उपयोगिता कई गुना बढ़ जाएगी। जिससे सीधे तौर पर कटारा, कोलार, बाबड़िया, नर्मदापुरम रोड की दर्जनो कॉलोनी, मंडीदीप आदि क्षेत्र की लगभग 15 लाख आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। साथ ही इसी मार्ग के दूसरे छोर आशाराम चौराहा से राजा भोज विमान तल तक एलिवेटेड का निर्माण व इस एलिवेटेड के नीचे गांधीनगर क्षेत्र में कम से कम 8 लेन का निर्माण कराया जाना भी जरूरी है।

शर्मा ने कहा कि अयोध्या बायपास के सिक्स लेन होने के बाद आशाराम चौराहे पर राजगढ़ भोपाल फ्लाईओवर के नीचे जाम की स्थिति निर्मित होगी। इसलिए यहां एलिवेटेड बनाना आवश्यक है।

### जम्बूरी में होने वाले कार्यक्रमों से होने वाली असुविधा समाप्त होगी

**गौरतलब है** कि भोपाल में प्रदेश स्तरीय आयोजनों के लिए केवल एक मात्र जम्बूरी मैदान ही है यहां वर्ष भर राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक कोई न कोई आयोजन होते ही रहते है निश्चित रूप से इन आयोजनों के दौरान स्थानीय रहवासियों एवं आयोजन में सम्मिलित होने वाले नागरिकों को अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। अयोध्या बायपास से जम्बूरी मैदान की सीधे कनेक्टिविटी से इस असुविधा से बचा जा सकेगा। साथ ही जम्बूरी मैदान की एयरपोर्ट एवं स्टेट हेंगर की सीधी कनेक्टिविटी भी हो जाएगी।

### एयरपोर्ट से सीधे जुड़ेगा नया भोपाल

विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आयोध्या बायपास को वाया जंबूरी कटारा के माध्यम से भोपाल बायपास को जोड़े जाने से भोपाल शहर की आधे से अधिक आबादी सीधे तौर पर राजा भोज एयरपोर्ट से जुड़ जाएगी साथ ही बगरोदा मंडीदीप जैसे बड़े आद्योगिक क्षेत्र,, द्धद्धस्र संस्थान भी एयरपोर्ट से सीधे जुड़ेंगे। जिससे भोपाल शहर के अंदर ट्रैफिक दवाब कई गुना कम होगा। जिससे समय और ईंधन की बचत होगी।

### आतिशबाजी कर मिस्ठान वितरण किया

## 2047 के विकसित भारत का संकल्प पूरा करने वाला बजट



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गेट पर गुरुनानक मंडल द्वारा 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट हेतु आतिशबाजी कर मिस्ठान वितरण किया ,इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा विकसित भारत की परिकल्पना सार्थक करने वाले चार स्तम्भ युवा, गरीब, महिला और किसान सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह विकसित भारत बजट एक समावेशी एवं सामाजिक न्याय से परिपूर्ण बजट हे।

इस अवसर पर महेश मकवाना,सरोज आसेरी,भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा,सुनील सराठे,आलोक भदौरिया,यतिन मकवाना, पी सी कनरजी,अतुल घेंघट,संदीप कल्याणे,रज्जन त्रिपाठी,नरेंद्र शुक्ला,निक्की ठाकुर, विधान शुक्ला, नाना सोलंकी सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे।

## बांधवगढ़ रिजर्व व उससे लगे जिलों में जा रही वन्यप्राणियों की जान

# कॉरिडोर का तो पता नहीं, लेकिन बाघ और तेंदुए की मौत का बन रहा रिकॉर्ड



फाइल फोटो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के जंगलों को एक-दूसरे से जोड़ने वाले कॉरिडोर का तो पता नहीं लेकिन टाइगर रिजर्व और सामान्य वन क्षेत्रों में लगातार हो रही बाघ, तेंदुओं की मौत का रिकॉर्ड बन रहा है। खासकर बांधवगढ़ रिजर्व और उससे लगे जिलों में आए दिन वन्यप्राणियों की जान जा रही है। जिसकी एक वजह आपसी संघर्ष है। यही नहीं इसी संघर्ष में कुछ लोगों को भी जान गंवानी पड़ रही है। असल में बांधवगढ़ रिजर्व समेत अन्य वन क्षेत्रों में बाघ समेत दूसरे वन्यजीवों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है, जिसके कारण इनका शिकार की कमी तो हुई ही है, साथ ही इनके स्वतंत्र मूवमेंट वाले क्षेत्रों में भी ये दखल महसूस कर रहे हैं इसलिए या तो आपस में लड़ते हैं या फिर जंगल से बाहर आबादी में प्रवेश कर रहे हैं, जहां आम लोगों से इनका आमना-सामना हो रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बाघों की संख्या 526 से बढ़कर 785 हो हुई है, उसी अनुरूप तेंदुए समेत सभी वन्यप्राणियों की संख्या भी बढ़ रही है लेकिन वन क्षेत्र का दायरा वही है।

### संघर्ष बढ़ना स्वभाविक

वन्यप्राणी विशेषज्ञ मानते हैं कि जब भी सीमित वन क्षेत्र में या किसी रिजर्व में मांसाहारी वन्यजीवों की आबादी बढ़ती है तो उनके बीच भोजन की पूर्ति के लिए आपसी संघर्ष आम बात हो जाती है। ये आपस में शिकार के लिए लड़ जाते हैं। बाघ तो अपने विचरण क्षेत्र में दूसरे बाघ या तेंदुए को पसंद नहीं करता है, जब भी ऐसी स्थिति बनती है तब आपसी संघर्ष होता और तब भी दो में से किसी एक को नुकसान पहुंचता है। वन्यप्राणी विशेषज्ञों के मुताबिक इस समस्या को देखते हुए ही कॉरिडोर की पहचान कर उन्हें संरक्षित करने की योजना पर वन विभाग काम कर रहा था लेकिन कुछ नहीं हुआ। कॉरिडोर एक ऐसा क्षेत्र होता है जहां बिना बाहरी दबाव के बाघ, तेंदुए समेत दूसरे वन्यप्राणी विचरण करते हुए एक से दूसरे वन क्षेत्रों व टाइगर रिजर्व में पहुंच सकते हो। पूर्व में कान्हा, पेंच व सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का जंगल एक–दूसरे से प्राकृतिक रूप से जुड़े हुए थे लेकिन इंसानी आबादी के बढ़ते दबाव व उसकी जरुरत के लिए विकास की गति के कारण इन कॉरिडोर में व्यवधान पैदा हुआ है। वन क्षेत्र आपस में खंडित हो चुके हैं जिसके कारण वन्यजीवों के लिए स्वतंत्र विचरण का दायरा सिमटता जा रहा है।

## बजट में घोषणा के बाद आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से जुड़े संगठनों की तीखी प्रतिक्रिया

# आयुष्मान का लाभ तो पहले से मिल रहा, समय पर मानदेय-प्रोत्साहन राशि मिले

### विशेषज्ञों की राय: राज्य को आयुष्मान भारत नहीं, सशक्त स्वास्थ्य सिस्टम चाहिए
### मेडिकल कॉलेज खोले जाने पर विशेषज्ञ बोले- घोषणाएं खानापूर्ति तक सीमित न हो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। प्रदेश की ज्यादातर आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और उनके परिवार के लोगों को पहले से ही आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है, क्योंकि इनके पास आय के उतने साधन नहीं है, मानदेय भी मामूली है। कुछ के पास तो अभी भी बाइक नहीं है इसलिए ये उक्त योजना में पहले से ही पात्र है। ऐसे में इनसे जुड़े संगठनों के सदस्यों का कहना है कि समय पर इन्हें वेतन और प्रोत्साहन राशि दे दी जाए, यही पर्याप्त होगा।**

असल में गुरुवार को आए केंद्रीय बजट के बाद स्वास्थ्य सेक्टर से तीखी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई है। एक वर्ग बजट को बहुत अच्छा बता रहा है तो अलग–अलग वर्गों से इसको लेकर नकारात्मक प्रतिक्रियाएं भी आ रही है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश की 84 हजार से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 74 हजार से अधिक आशा कार्यकर्ताओं है जिन्हें आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की केंद्र की घोषणा से की है। जिन्हें राज्य सरकार पहले ही इन्हें उक्त योजना में शामिल किए जाने की घोषणा कर चुकी थी। हालांकि लाभ नहीं दिया था।

मप्र बुलंद आवाज नारी शक्ति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ की प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर मेश्राम ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में शामिल किए जाने से पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं को समय पर मानदेय समेत विभिन्न कामों के बदले दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की सबसे पहले जरुरत है। उन्होंने कहा कि कई जिलों में 3 महीने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मानदेय नहीं मिला। वहीं आशा कार्यकर्ता प्रोत्साहन राशि के लिए दर-दर की ठोंकरे खा रही हैं। स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी सुनने को तैयार नहीं है।



### जो कॉलेज हैं उनमें 30 फीसद तक फैकल्टी और कर्मचारियों की कमी

मप्र में मौजूदा कॉलेजों की कमियों को दूर करने की बजाए नए कॉलेज खोले जाने पर जोर है। पूर्व में सरकार कई नए कॉलेज खोलने की घोषणा कर चुकी है। इनमें से कुछ पर काम भी चल रहा है लेकिन मौजूदा 14 सरकारी कॉलेज 30 फीसद कम फैकल्टी व स्टॉफ से जूझ रहा है। इस पर सरकार का फोकस कम है। ऐसे में जो नए कॉलेज खोले जा रहे हैं या जाने हैं उनमें फैकल्टी व स्टॉफ की स्थिति कितनी अच्छी होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। असल में केंद्रीय बजट में नए कॉलेज खोले जाने की बात दोहराई गई है, जो कि अच्छा संकेत है लेकिन मप्र उसे कितना मजबूती से भूना पाता है, इस पर पहले की तरह संशय बना हुआ है। वर्तमान में प्रदेश में 27 मेडिकल कॉलेज कार्यरत हैं, इनमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, सागर, शहडोल, विदिशा, रतलाम, दतिया, खंडवा, शिवपुरी, छिंदवाड़ा और सतना सरकारी है बाकी निजी है। इन सभी में एमबीबीएस की 1700 सीटें बढकर 4800 और पीजी की 687 सीटें बढकर 1935 हो चुकी हैं। जबकि राज्य सरकार पूर्व में मंदसोर, नीमच, राजगढ़, सिंगरौली, श्योपुर व मंडला में सरकारी मेडिकल कॉलेजों की नींव रख चुकी है। इनमें से कुछ के भवन तैयार है, यहां भर्ती की प्रक्रिया अंतिम चरणों में है। यही नहीं, सिवनी, छतरपुर, बुदनी, उज्जैन और दमोह में भी कॉलज खोले जाने की घोषणा की जा चुकी है।

इधर जन आंदोलनों के राष्ट्रीय स्वास्थ्य समूह की मप्र इकाई ने आयुष्मान भारत योजना के लिए आवंटन बढ़ाने पर प्रतिक्रिया दी है। इकाई के अमूल्य निधी, राजकुमार सिन्हा, राहुल यादव, मोहन सुल्या, राकेश चांदौरे, माधवी, विनोद पटेरिया अनिल गोस्वामी समेत अन्य का कहना है कि आयुष्मान भारत योजना में लाखों, करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार उजागर होते रहा है, तब भी लोगों को इस योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाएं लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है। उक्त योजना के बजट में करीब 10 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। सदस्य राजकुमार सिन्हा का कहना है कि मप्र में ही उक्त योजना में करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार सामने आ चुका है। ऐसे में उक्त योजना में निष्पक्ष काम और आवंटन पर संशय है। सरकार को कार्पोरेट लोगों को इस तरह लाभ पहुंचाने की बजाए स्वास्थ्य संरचनाओं को मजबूत करना चाहिए। इकाई के मुताबिक बजट को गरीब, महिला, युवा और किसान पर केंद्रित बताया परंतु स्वास्थ्य के लिए कोई प्रावधान नहीं दिख रहा, जो प्रावधान किया है, वह बढ़ती महंगाई की स्थिति में नाकाफी है।

# बोर्ड परीक्षा: 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों को मिलेगा नया प्रवेश पत्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** 10वीं और 12वीं के छात्र इन दिनों पढ़ाई के प्रति सबसे ज्यादा गंभीर दिख रहे हैं। दरअसल इन क्लासेस की बोर्ड परीक्षा है और परीक्षा तिथियां पास भी आ चुकीं हैं। कोर्स पूरा करने या रिवीजन के लिए बहुत कम समय बचा है। इस बीच परीक्षा के संबंध में बड़ा अपडेट सामने आया है।

दरअसल, इस बार बोर्ड परीक्षा में नया प्रवेश पत्र मिलेगा जो कि परीक्षार्थियों की पूरी कुंडली खंगाल लेगा। 10वीं और 12वीं के छात्र इन दिनों पढ़ाई के प्रति सबसे ज्यादा गंभीर दिख रहे हैं। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल यानि एमपी बोर्ड इस साल नए तरीके का प्रवेश पत्र जारी कर रहा है। इससे बोर्ड परीक्षा में फर्जीवाड़ा खत्म हो जाएगा। इसे परीक्षा में बोर्ड का सख्त कदम माना जा रहा है। बोर्ड परीक्षा में फर्जी परीक्षार्थी के शामिल होने की आशंका खत्म करने के लिए यह कदम उठाया गया है। बोर्ड के अधिकारियों के अनुसार इस बार प्रवेश पत्र में खासा बदलाव किया गया है। प्रवेश पत्र में इस बार क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। कोड स्कैन होते ही परीक्षार्थी की पूरी कुंडली ही सामने आ जाएगी। परीक्षार्थी की हकीकत सामने आने के कारण गड़बड़ी की आशंका खत्म हो जाएगी और इसके साथ ही कोई परीक्षार्थी फर्जीवाड़ा भी नहीं कर सकेगा। 10 वीं या 12वीं की परीक्षा में वास्तविक परीक्षार्थी ही बैठ सकेगा, उसकी जगह कोई अन्य या फर्जी परीक्षार्थी शामिल नहीं हो सकेगा। दरअसल, क्यूआर कोड स्कैन करते ही परीक्षार्थी का पुराना व नया समस्त रिकार्ड सामने आ जाएगा। परीक्षार्थी के नाम और फोटो के साथ ही अभिभावकों तथा स्कूल का नाम स्कैन होगा और पंजीयन नंबर भी सामने आ जाएगा। इस तरह प्रवेश पत्र में क्यूआर कोड के कारण असली या नकली परीक्षार्थियों की आसानी से पहचान की जा सकेगी। बोर्ड परीक्षाओं में प्रवेश पत्रों में क्यूआर कोड पहली बार लगाए जा रहे हैं।



# अग्निवीर योजना के लिए युवाओं को मिलेगा 360 घंटे का नि:शुल्क प्रशिक्षण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं को देशभक्ति के लिए प्रेरित करने और सेना में नई ऊर्जा लाने के लिए शुरू की गई अग्निवीर योजना में प्रदेश के युवाओं को चयनित कराने के लिए प्रति बैच 360 घंटे का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुरैना में रोजगार दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय रोजगार दिवस समारोह में कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रशिक्षण में युवाओं को गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान और सामान्य अध्ययन जैसे विषयों की कोचिंग दी जाएगी। इससे युवाओं को अग्निवीर योजना में चयन में मदद मिलेगी। अग्निवीर सहित शासन की विभिन्न योजनाओं से मिले रोजगार और स्वरोजगार से युवाओं के जीवन में नव सुख जीवन का सूरज उदय होगा।

# वरिष्ठ कृषि अधिकारी सहित अन्य परीक्षाओं के रिजल्ट कर्मचारी मंडल ने रोके

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बोनस अंक न जोड़े जाने के कारण कर्मचारी चयन मंडल ने वरिष्ठ कृषि अधिकारी, ग्रामीण विस्तार विकास अधिकारी और अन्य समकक्ष पदों की भर्ती का परीक्षा परिणाम रोक दिया है। दो दिन पहले 30 जनवरी को यह रिजल्ट घोषित किया गया था। इसकी जानकारी बोर्ड ने वेबसाइट पर जारी की है। जानकारी के अनुसार 7 अप्रैल 2023 को हुई थी एग्जाम हुआ था। बता दें कि 2 हजार पदों के लिए आयोजित इस परीक्षा में 25 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इस मामले में चयन मंडल ने बताया कि तकनीकी कारणों से बोनस अंक नहीं दिया जा सका, इसलिए अभी परीक्षा परिणाम को विड्रा किया गया है। संशोधित परीक्षा परिणाम जल्द जारी होंगे।

## हस्तशिल्प को पहचान दिलाने साड़ी वॉकथॉन का आयोजन करेगी सरकार: यादव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज कहा कि हैंडलूम मध्यप्रदेश की पहचान रही है और इसे अधिक प्रभावी बनाने के लिए राज्य के हस्तशिल्प से जुड़ी एक साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। डॉ. यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना वीडियो संदेश जारी करते हुए बताया कि उन्होंने पिछले दिनों केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से नई दिल्ली में सौजन्य भेंट की। उन्होंने गोयल को बताया कि हैंडलूम मध्यप्रदेश की पहचान रही है। विश्व स्तर पर इसे अधिक प्रभावी बनाने तथा निखारने के लिए साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की चंदेरी, माहेश्वरी और बाघ प्रिंट का विशेष रूप से प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की इस पहल में केंद्र सरकार भी सहयोग देगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल से इस पर सहमति प्राप्त हुई है। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश में टेक्सटाइल सेक्टर को विस्तार देने और कौशल उन्नयन के लिए अनेक कार्यों की स्वीकृति दी है।




सुविचार

''जब आप फ़िक्र में होते है तो आप जलते है,
जब आप बेफिक्र होते है तो दुनिया जलती है।''

– अज्ञात

संपादकीय

# खुद पर भरोसे की झलक

*चुनाव के दो महीने पहले केंद्र की मोदी सरकार का अंतरिम बजट अब तक विश्लेषण का विषय बना हुआ है। इसमें सरकार ने प्रमुख नीतिगत प्रस्तावों तथा कर बदलावों को जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया है, तब नई सरकार सत्ता में होगी। हालांकि समय के साथ लेखानुदान 'अंतरिम बजट' में बदल गया। यह अंतरिम बजट केवल जरूरी चीजों पर केंद्रित रहा यानि पिछले वर्ष के कामकाज का ब्योरा तथा आगामी आवंटन। बड़ी रियायत, कल्याणकारी योजना व्यय, कर रियायत आदि के जरिये लोगों को रिझाने आदि की कोशिश नहीं की गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और वित्त मंत्रालय की उनकी टीम ने बजट के आंकड़ों को पूरी तरह पारदर्शी रखा है। इस वर्ष बजट से इतर उधारी वाला हिस्सा खाली रहा जो बीते कुछ वर्षों की तुलना में सुखद स्थिति है। माना जाना चाहिये कि घाटे के आंकड़े विश्वसनीय हैं। राजकोषीय मजबूती को लेकर सरकार की प्राथमिकता को वृहद आंकड़ों में देखा जा सकता है। इस वर्ष राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 फीसदी रखने के लक्ष्य को बेहतर करते हुए 5.8 फीसदी का लक्ष्य हासिल किया गया। इसमें उच्च गैर कर राजस्व तथा सरकारी बैंकों और रिजर्व बैंक के लाभांश के साथ-साथ पूंजीगत व्यय में कमी का भी योगदान रहा। अगले वर्ष के लिए 5.1 फीसदी का लक्ष्य रखा गया है और राजस्व मोर्चे पर सीमित प्रयासों के साथ इसे हासिल किया जा सकता है। इस घाटे का लक्ष्य हासिल करने के लिए सकल कर राजस्व में केवल 1.1 फीसदी उछाल का अनुमान है जो इस वर्ष से काफी कम है। इस वर्ष राजस्व का आधा हिस्सा राज्यों को स्थानांतरित कर दिया गया है। परिणामस्वरूप केंद्र सरकार के कुल शुद्ध कर राजस्व में वैसी तेजी नहीं दिखी जैसा कि 2023 के बजट में अनुमान लगाया गया था। देखा जाए तो वैश्विक परिदृश्य के कुछ पहलू ऐसे हैं जिन पर बजट पर विचार के दौरान पूरी तरह गौर नहीं किया गया और जो आने वाले समय में व्यय को नियंत्रित करने की प्रतिबद्धता पर असर डाल सकते हैं। मसलन यूरिया सब्सिडी में संशोधित अनुमानों की तुलना में अगले वर्ष 9 फीसदी कमी आने की उम्मीद है। पेट्रोलियम सब्सिडी हालांकि कम है लेकिन उसमें भी गिरावट आने की आशा है। मध्यम अवधि में तेल एवं गैस कीमतों को लेकर आशावादी रुख अपनाया गया है। पश्चिम एशिया में हालात ठीक नहीं हैं, ऐसे में तेल एवं गैस कीमतों को लेकर बहुत आशावादी होना उचित नहीं। उच्च सब्सिडी वाली औद्योगिक नीति की और वैश्विक रुझान को लेकर भारत ने कोई ठोस उत्तर नहीं दिया है। हालांकि कई उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन योजनाओं की घोषणा की गई जिनमें उभरती और अग्रणी प्रौद्योगिकी भी शामिल हैं। उधर व्यय और घाटे पर महामारी का प्रभाव अब फीका पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में आर्थिक रुख सरकार का पूंजीगत व्यय बढ़ाने पर रहा, खासतौर पर परिवहन के क्षेत्र में। अब इसकी उपयोगिता अपनी सीमा पर पहुंच रही है। आगामी वर्ष के लिए पूंजीगत व्यय में केवल 17 फीसदी वृद्धि का वादा किया गया है।अब आगामी पांच वर्षों के लिए व्यापक योजना जुलाई में पेश करनी होगी। कुल मिलाकर सरकार ने भविष्य की योजनाएं बनाते समय विवेक का परिचय दिया है लेकिन बारीकी से देखने पर यह कहा जा सकता है कि सरकार आने वाले महीनों में पूर्ण बजट पेश करना सुनिश्चित मान रही है। यानि चुनावी आत्मविश्वास झलक रहा है।*

## निशाना

### हैं डटे मैदान!



– कृष्णेन्द्र राय

*करने को विदाई।
हैं डटे मैदान।।
जीत कर दिखाएंगे।
हैं लगे जी जान।।
है बयान सार्वजनिक।
चर्चा चलने वाली।।
है दिखाना दम।
ना पुलाव ख़याली।।
जनता का विश्वास।
जीत लिया इस बार।।
मान लेगी कहना।
हैं हम असरदार।।
होगी पक्की जीत।
है ऐसा भरोसा।।
अपनी बात ठीक से।
हमने जो परोसा।।*

## आज का इतिहास

- 1760–सदाशिव राव भाऊ के नेतृत्व में मराठा सेना ने उदगीर के युद्ध में निजाम को बुरी तरह हराया।
- 1815–विश्व में पनीर उत्पादन का पहला कारखाना स्विटजरलैंड में खोला गया।
- 1909–भारतीय स्वतंत्रता सेनानी सुहासिनी गांगुली का जन्म।
- 1916–बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरुआत।
- 1925–भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा मुम्बई से कुर्ला के बीच शुरू।
- 1934–पहली बार हवाई जहाजों से पार्सल भेजने का सिलसिला शुरू हुआ। इसे शुरू करने वाले कंपनी को आज लुफ्थांसा के नाम से जाना जाता है।
- 1938–प्रसिद्ध भारतीय फ़िल्मि अभिनेत्री वहीदा रहमान का जन्म।
- 1942–जावा पर पहला जापानी हवाई हमला हुआ।
- 1945–रूस द्वितीय विश्व युद्ध में जापान के खिलाफ युद्ध में शामिल होने पर सहमत हुआ।
- 1954–इलाहाबाद कुम्भ मेले में हुए हादसे में 500 से अधिक की मौत।
- 1969–तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी.एन. अन्नादुरई का निधन।
- 1970–भारत के पहले और दुनिया के सबसे बड़े कोयला आधारित उर्वरक संयंत्र की तलचर में आधारशिला रखी गई।
- 1972–जापान के सप्पारो में एशिया में पहली बार शीतकालीन ओलंपिक का आयोजन किया गया।
- 1988–पहली परमाणु पनडुब्बी (आईएनएस चक्र) भारतीय सेना में शामिल।
- 1999–भारतीय राज्य जम्मू और कश्मीर में डेमोक्रेटिक जनता दल का पुनरुद्धार हुआ।
- 2000–सुविख्यात तबला वादक, भारत के सर्वश्रेष्ठ एकल और संगीत वादक अल्ला रक्खा खां का निधन।
- 2003–भारत ने उज़बेकिस्तान के साथ आतंकवाद के ख़िलाफ़ एक संयुक्त कार्यदल का गठन किया।
- 2005–भारतीय मूल के पहले सांसद दलीप सिंह सौंद को सम्मानित करने के लिए अमेरिकी प्रतिनिधी सभा में लाये गये विधेयक को आम राय से मंजूरी मिली।
- 2006–मिस्र का जहाज़ अल सलाम-98 लाल सागर में डूबा।
- 2007–इराक की राजधानी बगदाद के एक बाज़ार में हुए बम विस्फोट में 135 लोगों की मौत।
- 2008–कवि गुरु रविन्द्र नाथ टैगोर के चोरी हुए नोबल पुरस्कार बंगलादेश में होने के संकेत मिले।
- 2009–ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ग़रीबी उन्मूलन हेतु नया फार्मूला बनाया।

एक राष्ट्र एक चुनाव

# निर्वाचन में स्वतंत्रता और निष्पक्षता के साथ खजाने का बोझ कम करने की मंशा

■ सीबीपी श्रीवास्तव

निर्वाचन अर्थात जन प्रतिनिधियों का चुनाव प्रतिनिधि लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। यह सर्वविदित है कि भारत प्रतिनिधि लोकतंत्र का सर्वोत्तम उदाहरण है, क्योंकि यह न केवल विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, बल्कि यह सबसे सफल लोकतंत्रों में से भी एक है। भारत में निर्वाचन की एक और बड़ी विशेषता यह भी है कि यहां एक आदर्श संसदीय प्रणाली की भांति प्रत्यक्ष और परोक्ष, दोनों ही प्रकार के निर्वाचन का मिश्रित प्रावधान है। प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है। दूसरी ओर, अप्रत्यक्ष निर्वाचन के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के तहत एकल संक्रमणीय पद्धति का प्रयोग जिला परिषद, विधान परिषद, राज्यसभा, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के निर्वाचन में किया जाता है। यहां यह उल्लेख भी समीचीन होगा कि संरचना की दृष्टि से भारत एक संसदीय परिसंघ है। अतः राज्यों में निर्वाचन भी संसदीय निर्वाचन के समान महत्वपूर्ण है। ऐसी स्थिति में अगर लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचन को एक साथ (एक तिथि पर या एक निश्चित समय सीमा के भीतर) कराया जाए, तो कदाचित इससे न केवल निर्वाचन की स्वतंत्रता और निष्पक्षता सुनिश्चित हो सकती है, बल्कि राज्य के खजाने पर पड़ने वाले अत्यधिक दबाव को भी कम किया जा सकता है। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा के पीछे यही मंशा है। इस रूप में इसकी संरचनात्मक प्रासंगिकता पर प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता।

सितंबर, 2023 में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति गठित कर उसे इसकी व्यवहार्यता बताने की जवाबदेही दी गई थी। समिति द्वारा 'मैक्रोइकनॉमिक इंपैक्ट ऑफ हार्मोनाइजिंग इलेक्टोरल साइकल, एविडेंसेज फ्रॉम इंडिया' नामक शोध पत्र के आधार पर यह संकेत दिया गया है कि एक साथ चुनाव से उच्च आर्थिक विकास को गति मिलेगी, और पूंजी व राजस्व पर व्यय में सरकारी निवेश अधिक होगा। निर्वाचन आयोग और अन्य अंशधारकों के साथ की गई वार्ताओं से प्रेरित होकर समिति ने जनता से इस विषय पर राय मांगी थी। हाल ही में एक उत्साहवर्धक आंकड़ा सामने आया है। लगभग 81 प्रतिशत सुझाव 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के पक्ष में है। निश्चित रूप से सरकार के लिए यह एक बड़ा प्रेरणा स्रोत होगा। लेकिन अब भी मंजिल पाना बहुत सरल नहीं है। एक ओर इसका विरोध करने वालों द्वारा उठाए गए मुद्दों को संबोधित करना आवश्यक है, वहीं दूसरी ओर इसके सांविधानिक पक्षों पर गौर करना भी अनिवार्य है। ध्यातव्य हो कि 1967 तक देश में एक साथ चुनाव कराए जाते रहे थे, लेकिन 1968 और 1969 में कुछ राज्यों की विधानसभाओं के भंग हो जाने के कारण यह परंपरा टूट गई। इस पूरी प्रक्रिया में यही मुद्दा सबसे गंभीर है। इसके अतिरिक्त, इतने बड़े पैमाने पर एक साथ चुनाव कराने के लिए ईवीएम, लॉजिस्टिक समर्थन और अन्य अवसंरचनात्मक सुविधाओं की उपलब्धता भी एक बड़ी चुनौती होगी।



**प्रत्यक्ष लोकतंत्र के लिए हमने फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली अपनाई है, जिसका अर्थ यह है कि सबसे अधिक वैध मत प्राप्त करने वाला प्रत्याशी विजयी होता है। यह प्रणाली ग्राम पंचायत, राज्यों की विधानसभाओं और लोकसभा के निर्वाचन में प्रयोग में लाई जाती है।**

गौरतलब है कि इस प्रस्ताव को सांविधानिक आधार देना सबसे महत्वपूर्ण होगा, जो भारत में संविधान की सर्वोच्चता और विधि के शासन के प्रचलन के अनुरूप होगा। इसके लिए कई सांविधानिक प्रावधानों में संशोधन की आवश्यकता होगी। सबसे पहले, अनुच्छेद 83 और 85, जो क्रमशः संसद के सदनों की अवधि और राष्ट्रपति द्वारा लोकसभा को भंग करने से संबंधित है, में संशोधन की आवश्यकता है। इसी प्रकार, अनुच्छेद 172, जो राज्य विधानमंडलों की अवधि से संबंधित है और अनुच्छेद 174 राज्य विधानमंडलों के विघटन से संबंधित है, में भी संशोधन आवश्यक है। एक और प्रावधान, जिसमें संशोधन की आवश्यकता होगी वह अनुच्छेद 356 है, जो राज्यों में राष्ट्रपति शासन लगाने से संबंधित है। ध्यातव्य हो कि एक संसदीय समिति ने भारत के निर्वाचन आयोग सहित विभिन्न हितधारकों के परामर्श से एक साथ चुनाव के मुद्दे की जांच की थी। इन प्रावधानों में सबसे महत्वपूर्ण अनुच्छेद 83 है, जिसमें भारत के परिसंघीय ढांचे के स्थायित्व के लिए राज्यसभा को तो स्थायी सदन बनाया गया है, लेकिन संसदीय तंत्र और प्रतिनिधि लोकतंत्र की व्यावहारिकता के लिए लोकसभा का पांच वर्षीय कार्यकाल उल्लिखित है। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि यदि इसके विघटन पर रोक लगाने का प्रावधान किया जाएगा, तो यह संविधान के विरुद्ध होगा। ऐसी स्थिति में यदि कार्यकाल के पूर्व विघटन की घटना होती है, तो चुनावी चक्र बाधित हो जाएगा। यही स्थिति राज्यों के स्तर पर भी है। उच्च स्तरीय समिति के सामने इसी समस्या का समाधान सबसे महत्वपूर्ण है।

अब यदि विरोधी पक्ष के तर्कों पर बात की जाए, तो यह कहा गया है कि ऐसा कोई भी कदम संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन होगा। साथ ही, इस प्रक्रिया से भारत में क्षेत्रीय हितों की अनदेखी होने की आशंका है, जो परिसंघीय अभिलक्षणों का विरोध करेगी। संविधान के मूल ढांचे के उल्लंघन का तर्क प्रासंगिक प्रतीत नहीं होता, क्योंकि चुनाव एक साथ हों या अलग-अलग, किसी भी स्थिति में वह प्रतिनिधि लोकतंत्र के ही अनुरूप है। सबसे बड़ी बात यह है कि पहले भी जब तक ऐसे चुनाव होते थे, तो आने वाले समय में भी कुछ संशोधनों के माध्यम से ऐसा किया जा सकता है। दूसरी ओर, जहां तक परिसंघीय ढांचे और क्षेत्रीय हितों का प्रश्न है, इनके भी प्रभावित होने की आशंका नहीं है, क्योंकि यह प्रक्रिया केवल चुनावों के संचालन के लिए है, न कि राजनीतिक दलों के विरुद्ध। क्षेत्रीय राजनीति संबंधित क्षेत्र के हितों के संरक्षण के लिए कटिबद्ध भी है और सक्षम भी। देखना केवल यह है कि जो सांविधानिक और कानूनी (लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951) संशोधन आवश्यक हैं, उनमें तार्किकता का प्रयोग हो। अंत में, यह उल्लेख अत्यंत उपयुक्त है कि भारत का निर्वाचन आयोग इस बात के लिए तैयार है कि वह इस प्रक्रिया के अनुरूप कार्य करेगा, जो ऐसे प्रस्ताव की व्यावहारिकता बनाए रखे हुए है।

**साभार:** लेखक के अपने विचार हैं।

# सत्ता के साथ बिहार में वजूद बचाने की कवायद

**वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 17 सीटों पर और जनता दल ने 17 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा गठबंधन के तीसरे दल एलजेपी ने 6 सीटें जीती थीं। इस तरह गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर परचम लहराया था। इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला था। हालांकि मौजूदा हालात में नीतीश कुमार को भी लाभ मिलना तय है।**

■ केएस तोमर

कट्टर समाजवादी नेता कहे जाने वाले नीतीश कुमार नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बने हैं। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के गठबंधन को अलविदा कहकर एक बार फिर एनडीए का दामन थाम लिया है। दरअसल भाजपा को बहुत आवश्यकता थी कि नीतीश कुमार का जनता दल उसके साथ आये क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को बिहार में इसी दशा में अधिक सीटें मिल सकती थीं। विश्लेषकों का मत है कि यह जरूरी था कि भाजपा और जनता दल एक मंच पर आएं क्योंकि 2019 में इकट्ठा होकर लोकसभा चुनावों में बड़ी जीत दर्ज करने के बाद से दोनों दलों का मत प्रतिशत कम हो गया था। तब भाजपा और जनता दल ने मिलकर चुनाव लड़ा था। इन दलों को क्रमशः 23.58 और 21.81 प्रतिशत मत मिले थे जो 2020 के विधानसभा चुनावों के समय घटकर 19.46 और 15.39 प्रतिशत रह गए थे। शायद यही प्रमुख कारण था कि दोनों दलों ने प्रासंगिक रहने और सत्ता मे फिर लौटने के लिए यह समझौता किया है।

आकलन है कि नीतीश कुमार द्वारा इंडिया गठबंधन से अलग होने से बिहार की राजनीति पर गम्भीर परिणाम सामने आयेंगे। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में भाजपा, जनता दल (यू) और एलजेपी का गठबंधन मजबूत है। जहां भाजपा और जनता दल का वोट शेयर 45.39 प्रतिशत बनता है, वहीं एलजेपी के 8 प्रतिशत मतों से यह 53.39 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाता है। इसके मुकाबले वाले विपक्षी गठबंधन में आरजेडी के 23.11 और कांग्रेस के 9.48 प्रतिशत मतों को मिलाएं तो वह जीत से बहुत दूर हो जाता है। इसका असर इंडिया गठबंधन पर पड़ना तय है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सभी 17 सीटों पर और जनता दल ने 17 में से 16 सीटों पर जीत दर्ज की थी। इसके अलावा गठबंधन के तीसरे दल एलजेपी ने 6 सीटें जीती थीं। इस तरह गठबंधन ने बिहार की 40 में से 39 सीटों पर परचम लहराया था। इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला था। हालांकि मौजूदा हालात में नीतीश कुमार को भी लाभ मिलना तय है। नए गठबंधन के कारण 2025 के विधानसभा चुनाव जीत का मार्ग प्रशस्त होगा। माना जाता है कि गठबंधन में लालू परिवार के कारण नीतीश स्वयं को असहज महसूस कर रहे थे। लालू परिवार के विरुद्ध ईडी की कई मामलों में जांच चल रही है और भ्रष्टाचार के आरोपों की आंच नीतीश कुमार तक भी पहुंच सकती थी। नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की स्थिति में ऐसी सम्भावनाएं थीं। नये समझौते के बाद नीतीश कुमार पर ईडी का खतरा टल गया माना जा रहा है।

नीतीश के पाला बदलने के साथ ख़बरें ये भी थीं कि जनता दल के 6 सांसद भाजपा के संपर्क में थे और 2024 के लोकसभा चुनावों से ऐन पहले उनका साथ छोड़ सकते हैं। कहा जा रहा था कि राम मन्दिर निर्माण के कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता में हुई बढ़ोतरी के कारण इन सांसदों की जीत संशय में थी। वहीं जनता दल के सांसदों का मानना था कि विधानसभा चुनावों में मतदान के लिए मतदाताओं का नजरिया अलग होता है। वर्ष 2024 में फ़रि एनडीए मजबूत स्थिति में होगी जबकि इंडिया गठबंधन की स्थिति इतनी सुखद नहीं है क्योंकि ये दल अभी सीटों को लेकर भी तालमेल नहीं कर पाए और न ही प्रधानमंत्री के नाम पर सहमति है।राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इंडिया गठबंधन में कांग्रेस ही एकमात्र दल है जिसकी समूचे भारत में मौजूदगी है। ऐसे में कांग्रेस की ही जिम्मेदारी थी कि गठबंधन को मजबूती प्रदान करती और सीटों का बंटवारा समय रहते फाइनल हो जाता। कांग्रेस इस दायित्व को निभाने में असफल रही है। एक ओर जहां नीतीश कुमार गठबंधन का साथ छोड़ गए, वहीं अब तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भी अपना अलग रास्ता ढूंढ़ रहे हैं। सभी जानते हैं कि इंडिया गठबंधन को मूर्तरूप देने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले एक साल के दौरान कड़ी मेहनत की और क्षेत्रीय नेताओं से बार-बार मिलकर उन्हें एक मंच पर लाये। उनके प्रयासों के कारण ही पटना मे आयोजित 23 जून, 2023 की पहली बैठक सफल रही। लेकिन सब तय होने के बाद जब संयोजक चुनने का समय आया तो ममता बनर्जी ने खड़गे का नाम पेश कर दिया और केजरीवाल ने इसका समर्थन किया। नीतीश को रोकने की उनकी रणनीति सफल भी रही बेशक यह निर्णय गठबंधन के लिए 2024 के चुनावों में घातक सिद्ध हो।

यद्यपि नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन के वर्तमान हाल के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। अंदरखाने यह चर्चा भी है कि स्थिति बिगाड़ने में आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी की भूमिका भी रही है। उनके कारण बिहार में परिस्थितियां बदलीं उसका असर इंडिया गठबंधन पर पड़ना स्वाभाविक था। पिता-पुत्र की जोड़ी जल्द से जल्द बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर राजद का वर्चस्व चाहते थे। बताते हैं कि तेजस्वी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए जनता दल(यू) में तोड़फोड़ की कोशिश शुरू कर दी गई थी। इससे नाराज नीतीश कुमार ने भाजपा से समझौता पक्का कर लिया।



**साभार:** लेखक के अपने विचार हैं।

# उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**




निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम अंतर्गत प्राप्त दावे-आपत्तियों के फार्मों की जांच एवं मतदान केन्द्रों का निरीक्षण उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल श्रीमती रंजना देवड़ा द्वारा किया गया। श्रीमती देवड़ा द्वारा कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होशंगाबाद तहसील नगरीय नर्मदापुरम् में प्राप्त दावे-आपत्तियों के फार्मों की गहन जांच की गई। इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा क्षेत्र होशंगाबाद के मतदान केन्द्र क्रमांक 63, मतदान केन्द्र क्रमांक 66 एवं मतदान केन्द्र क्रमांक 68 निरीक्षण किया तथा बी.एल.ओ. से प्राप्त दावे-आपत्तियों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने कलेक्टर परिसर नर्मदापुरम् में स्थित ई.व्ही.एम. प्रदर्शन केन्द्र (ई.डी.सी.) एवं ई.व्ही.एम. एफ.एल.सी. का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल श्रीमती रंजना देवड़ा के साथ अनुविभागीय एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 137 होशंगाबाद आशीष कुमार पाण्डेय, तहसीलदार ग्रामीण शक्ति तोमर, तहसीलदार नगर नर्मदापुरम् देवशंकर धुर्वे एवं निर्वाचन शाखा प्रभारी अमित श्रीवास्तव एवं गणेशराम मेहरा उपस्थित रहे।

# नर्मदा कॉलेज में मतदाता जागरूकता प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



नर्मदाकॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत चुनाव आधारित प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित करना तथा लोकसभा चुनाव और प्रक्रिया के बारे में जानकारी देना रहा। , कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने विद्यार्थियों से शत प्रतिशत मतदान करने और आस पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।प्रश्नोंत्तरी में मुख्य निर्वाचन अधिकारी कौन है निर्वाचन आयोग का सचिवालय कहां है संसद के दोनों सदनों में कितने सदस्य होते हैं? तथा चुनाव की अधिसूचना कौन जारी करता है ?आदि प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने रुचि पूर्वक उत्तर दिए । परिणाम में दीक्षा वर्मा प्रथम, संजना कुशवाहा द्वितीय , भूपेंद्र गौर और इशिका दीक्षित तृतीय रहे। विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

नोडल अधिकारी डॉ आर एस बोहरे और संयोजक डॉ बी एस आर्य के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता संपन्न हुई।श्रीमती जयश्री नंदनवार , शबनम कुरेशी, श्रीमती रीना सक्सेना, सचिन दुबे,चिराग झामडे,का सहयोग रहा। एकता राजपूत,तनु चौहान, शिवानी गौर, कुमकुम साहू, निधि यादव ,रोहन, अदिति मीना सहित प्रतियोगिता में कुल 35 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

### नगर पालिका व कंसल्टेंट द्वारा तैयार की जा रही डीपीआर

# मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से जारी



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम नगर स्थित मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से जारी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नर्मदापुरम नवनीत पांडे ने बताया कि विगत दिवस जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के सहयोग से नगर पालिका प्रशासन के अतिक्रमण दल द्वारा नलकूप विभाग के बाउण्ड्रीवाल को तुड़वाकर रोड़ के समीप लगी हुई गुमठियों को 15 फिट पीछे किए जाने की कार्यवाही की गई है। सर्वप्रथम नगर पालिका प्रशासन के अतिक्रमण दल के माध्यम से सभी गुमठीधारियों को अपनी गुमठी रिक्त करने के लिए नोटिस जारी किए गए, ताकि उनकी गुमठी को रोड़ से 15 फिट पीछे की ओर शिफ्ट किया जा सके। जिसमें दुकानदारों द्वारा उनकी गुमठियों का सामान व्यवस्थित करने के लिए समय चाहा गया था। जिसके उपरांत प्रशासन द्वारा दुकानदारों को अपनी दुकान का सामान व्यवस्थित कर गुमठियाँ रिक्त करने का समय देते हुए निर्धारित समय उपरांत गुमठिधारियों / दुकानदारों द्वारा रिक्त गुमठी/दुकानों को नगर पालिका के अतिक्रमण दल द्वारा हटाया गया। जिन गुमठीधारियों / दुकानदारों की दुकाने हटाई गई थी उन सभी गुमठीधारियों / दुकानदारों को रोड से 15 फिट पीछे की ओर नगर पालिका प्रशासन द्वारा ले-आउट डालकर कर सभी संबंधित गुमठीधारी / दुकानदारों को अपनी गुमठी/दुकानें शिफ्ट करने के लिए जगह भी आवंटित की गई, जिस पर दुकानदारों अपनी दुकानें शिफ्ट की जा रही हैं। मीनाक्षी चौराहे के चौड़ीकरण के लिए गुमठी विस्थापित की प्रक्रिया के दौरान निकले मलबे को साफ करने की प्रक्रिया चालू की जाएगी।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा मीनाक्षी चौराहे चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए कंसल्टेंट द्वारा डी.पी.आर. तैयार की जा रही है, जिसके अंतर्गत रोड़ निर्माण एवं नाली निर्माण एवं पेवर ब्लाक का कार्य कराया जाना है। डी.पी.आर. तैयार होने उपरांत तकनीकी स्वीकृति हेतु कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम भोपाल की ओर प्रस्तावित किया जाएगी। नगरीय प्रशासन विभाग की सक्षम स्वीकृति उपरांत कार्य की ऑनलाइन निविदा (30 दिवस) जारी की जाएगी।

पात्र निविदाकार के चयन उपरांत अनुबंध एवं कार्यादेश की कार्यवाही की जावेगी। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में अनुमानित 2 माह का समय लगेगा जिसके उपरांत ही पात्र निविदाकार द्वारा मीनाक्षी चौक चौडीकरण एवं सौन्दर्गीकरण कार्य आरंभ किया जाएगी। मीनाक्षी चौक के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के लिए जिला प्रशासन एवं नगर पालिका द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

# जिला स्तरीय रोजगार दिवस : 4723 हितग्राहियों को 2413.84 लाख की राशि का हितलाभ वितरण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नर्मदापुरम के द्वारा गुरुवार को जिला स्तरीय रोजगार दिवस का आयोजन स्थानीय शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम में आयोजित किया गया हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका नर्मदापुरम श्रीमती नीतू यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा उपस्थित थे।

महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कैलाश माल ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजना के तहत दिनांक 01/12/2023 से दिनांक 31/01/2024 तक जिले के कुल 4723 हितग्राहियों को 2413.84 लाख राशि का हितलाभ वितरण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत देवेन्द्र राजपूत को 25.00 लाख रुपए, श्री अरविंद कुमार बामने को प्रधानमंत्री रोजगार कार्यक्रम अंतर्गत 10.00 लाख रुपए, श्री संदीप चौधरी को संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत 5.25 लाख रुपए, राष्टीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना में 03 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपये एवं अन्य को हितलाभ वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला मुरैना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सेडमेप पंकज कुमार, एवं कार्यक्रम का आभार प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र डॉ. गुंजन जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया प्राचार्य, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, योजना के लाभार्थी एवं नव उद्यमी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने तहसील का औचक निरीक्षण किया, राजस्व महाअभियान के कार्यो को प्राथमिकता से पूरा कराएं

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने गुरूवार की प्रातः अचानक शमशाबाद तहसील में पहुंचकर कार्यालय में क्रियान्वित गतिविधियो का औचक निरीक्षण किया। यहां मौजूद आवेदको से भी उन्होंने संवाद कर तहसील कार्यालय आने के क्या प्रयोजन है का जाना है साथ ही मौके पर समस्याओं के निदान हेतु क्रियान्वित पहल को और तेज करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर श्री भार्गव ने राजस्व महा अभियान के तहत संपादित किए जा रहे कार्यो की नस्तियों का बारीकी से तहसील कार्यालय में जायजा लिया है। यहां उन्होंने तहसीलदार समेत अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान अवधि के दौरान जिन बिन्दुओं का क्रियान्वयन किया जाना है उन मामलो में शमशाबाद तहसील पिछडे ना का विशेष ध्यान रखते हुए राजस्व संबंधी तमाम कार्यो का क्रियान्वयन समय सीमा में कर आवेदकों को अभियान संचालन से लाभांवित करें।

भार्गव ने आज अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय एवं तहसील कार्यालय, शमशाबाद में कार्यालय की व्यवस्थाओं के साथ-साथ रिकार्ड संधारित पंजी का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने राजस्व महा अभियान तहत क्रियान्वित कार्यों का भी जायजा लिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि राजस्व महा अभियान तहत संपादित किये जा रहे कार्यों में हम किसी भी प्रकार से पिछड़ें ना का विशेष ध्यान रखें।कलेक्टर श्री भार्गव ने राजस्व महा अभियान तहत संपादित किए जा रहे कार्यों के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अलमारी को खुलवाया और लंबित प्रकरणों की फाइलों का अवलोकन कर शत प्रतिशत निराकरण कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

### पचमढ़ी एवं इटारसी क्षेत्र में अवैध शराब माफियाओं के विरुद्व निरंतर की जा रही कार्यवाही

# 53 लीटर एवं इटारसी क्षेत्र में 30 लीटर कच्ची शराब हाथभट्टी, 1100 किलो महुआ लहान जप्त किया

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सुनिया मीना के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग पिपरिया द्वारा दिनांक 31/01/24 को बनखेड़ी क्षेत्र में मुखबिर की सटीक सूचना पर नालंदा टोला पचमढ़ी में दीपक युवनाती पिता दिना युवनाती को 53 लीटर हाथभट्टी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। शराब जब्त करके आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम धारा 34(2) का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

इटारसी शहर में दिनांक 01/02/2024 को नाला मोहल्ला क्षेत्र में दविश देकर कुल 30 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवम 1100 किलोग्राम महुआ लहान जप्त किया गया । आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 04 प्रकरण कायम किए गए जप्त सामग्री की अनुमति कीमत 116000/- कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक नीलेश पवार, के के पडरिया आबकारी मुख्य आरक्षक रघुवीर निमोदा आरक्षक मदन रघुवंशी योगेश महोबिया, सियाराम पटेल, संतोष ठाकुर तथा सभी स्टॉफ सदस्यों का योगदान रहा।

**मेट्रो एंकर**

### एक महीने से नकली पुलिस बनी थी पुलिस के लिए चुनौती

# नकली पुलिस बनकर लोगों से सोने की अंगूठी चेन लूटने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



लगभग 1 महीने के आसपास रिटायर शिक्षक के साथ हुई सोने की अंगूठी छुड़ाने का मामला नकली पुलिस बनकर की गई इस धोखाधड़ी करने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी भी नहीं हुई थी कि अभी हाल ही में 28 जनवरी को फोटो ग्राफर के साथ उसी अंदाज में नकली पुलिस बन कर सोने की चेन की घटना को अंजाम देकर बदमाश रफू चक्कर हो गए थे। अब इस स्थिति मे नकली पुलिस असली पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रही थी। पुलिस अधीक्षक डॉ0 गुरकरन सिंह,अतिरक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी सिवनी मालवा राजू रजक के नेतृत्व में थाना सिवनी मालवा पुलिस द्वारा धोखाधड़ी करके लोगों को अपना शिकार बनाने वाले आरोपियों का खुलासा किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27/12/2023 को फरियादी शंकरलाल तिवारी पिता शिवचरण तिवारी उम्र 88 साल

निवासी वार्ड नं. 8 जैन मंदिर गली सिवनी मालवा ने रिपोर्ट की थी की बो सुबह 10.45 बजे के करीब नर्मदा मंदिर से भगवान के दर्शन करके घर जा रहे थे उसी दौरान कल्लु चौक पर दो व्यक्ति उनके पास पैदल आये और उन्हे रोका और कहने लगे की शासन का आदेश है बड़े साहब आगे खड़े हुए है और बहुत चोरिया हो रही है कोई भी किमती सामान गले एवं हाथ में न पहनो कहकर दूसरे व्यक्ति ने उनकी शर्ट एवं पैट की जेब चेक कर दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में पहनी सोने की अगुठी देखकर कहने लगे कि इतना सोना पहनकर क्यों घूम रहे हो और उनकी सोने की अगुठी निकाल कर एक कागज की पुड़िया बनाकर उनके जेब में रख दी एवं तर्जनी अगुली में एक ताबे की अगुठी कब पहना दी पता नहीं चला। अज्ञात व्यक्ति रिटायर शिक्षक की सोने की पुरानी इस्तेमाली अगुठी जो करीब एक तोला की थी जिसकी लगभग किमत करीब 50,000 रूपये की धोखाधड़ी कर रिटायर शिक्षक को बेवकुप बनाकर उनकी सोने की अगठी चोरी करके ले गये। रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 747/2023 धारा 420 34 भादवि का कायम कर विवेचना में लिया गया।

## घटना के फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश

थाना प्रभारी सिवनी मालवा सज्जन सिंह मुकाती, थाना प्रभारी शिवपुर उनि विवेक यादव, थाना प्रभारी डोलरिया उनि खुमान सिंह पटेल की पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा तकिनिकी माध्यम एवं मुखबिरी सहायता से पुख्ता जानकारी मिलने पर ईरानी डेरा नर्मदापुरम में दबिश दी गयी जो मौके पर कासिम पिता अफसर सय्येद उम्र 32 वर्ष निवासी ग्वाल टोली नर्मदापुरम की धड़ पकड़ की गयी जिससे घटना के संबंध में पूछताछ की जिसके द्वारा उसके साथी हमीदा पिता अफसर खान उम्र 32 वर्ष निवासी ग्वाल टोली नर्मदापुरम, जाहिद उर्फ वोलु पिता अफसर खान उम्र 40 वर्ष निवासी ग्वाल टोली नर्मदापुरम, गटरा उर्फ अप्पा पिता अफसर खान उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 32 ईदगाह के पास ग्वाल टोली नर्मदापुरम के सहयोग से दिनांक 27/12/2023 को सिवनी मालवा में घटना कारित करना बताया एवं थाना सिवनी मालवा के अन्य प्रकरण अपराध क्रमांक 594/2023 धारा 379,34 भादवि की घटना दिनाक 16/10/2023, अपराध क्रमांक 65/2024 धारा 420,34 भादवि की घटना दिनांक 28/01/2024 की घटनाओ को उसके साथियो के साथ अंजाम देना बताया एवं जिले व आस-पास के अन्य थाना क्षेत्रों में भी इसी प्रकार की घटनाए करना स्वीकार किया। बाद आरोपी कासिम पिता अफसर सय्येद के कब्जे से घटना में प्रयुक्त काली मोटर सायकल रॉयल इंफील्ड कंपनी की हंटर व मोबाइल एवं फरियादी से ठगी गयी एक सोने की अंगूठी को विधिवत जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। घटना के अन्य आरोपी अभी फरार है जिनकी पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही है।

## पुलिस टीम को एसपी ने की इनाम देने की घोषणा

पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस टीम में सराह्नीय कार्य करने वालो को पृथक से इनाम देने की घोषणा की गयी है। जिसमे पुलिस टीम थाना प्रभारी सिवनी मालवा सज्जन सिंह मुकाती, थाना प्रभारी शिवपुर उनि विवेक यादव, थाना प्रभारी डोलरिया उनि खुमान सिंह पटेल, उनि विपिन पाल थाना कोतवाली नर्मदापुरम, उनि संजय पांडे, उनि शह्जाद खान, उनि नागेश वर्मा, सउनि सुरजीत सिंह ठाकुर, आरक्षक धर्मेन्द्र राजावत, आरक्षक अजय, आरक्षक बसंत लोंगरे, आरक्षक ओम प्रकाश जाट, आरक्षक राहुल राजपूत, आरक्षक मुकेश झाडे,आरक्षक अशोक मीना आरक्षक महेन्द्र गुर्जर, आरक्षक अमर, आरक्षक सतीश थाना शिवपुर, आरक्षक अंकित धनगर, राजकुमार झपाटे थाना कोतवाली नर्मदापुरम, प्र0आर0 आरक्षक प्रीतम बाबरिया थाना माखन नगर की विशेष भूमिका रही।

# नगर पालिका का जबरदस्ती वाला विकास, अनुपयोगी साबित हो रहे फिर भी लगातार लगाए जा रहे स्पीड ब्रेकर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



शहर में एक बार फिर नगर पालिका द्वारा स्पीड ब्रेकर बनाने का काम शुरू कर दिया है जिसको लेकर आम नागरिकों में आक्रोश है, आम नागरिक इस काम को नगर पालिका का जबरदस्ती वाला विकास बता रहे हैं क्योंकि पूर्व में भी नगर पालिका द्वारा शहर की हर एक छोटी बड़ी सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने का काम किया था जो अनुपयोगी साबित हुआ एक वर्ष की समय अवधि में ही कई स्पीड ब्रेकर तो क्षतिग्रस्त हो चुके हैं तो कई स्पीड ब्रेकरों का विरोध होने पर नपा द्वारा हटाया गया।

## आवश्यकता से अधिक बने स्पीड ब्रेकर

आम नागरिकों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा आवश्यकता से अधिक स्पीड ब्रेकर बनवाए जा रहे हैं जो वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबक बने हुए हैं मुख्य सड़कों के अलावा वार्ड की छोटी-छोटी सड़कों पर भी नपा द्वारा स्पीड ब्रेकर लगाना समझ से परे है नपा के इस जबरदस्ती विकास को लेकर अटकलें लगाई जा रही है शहर वासियों का कहना है कि स्पीड ब्रेकर के नाम पर नपा द्वारा लाखों रुपए का गोलमाल किया जा रहा है यह सीधी राजस्व की हानि है।

## बड़ी दिलचस्प है भुगतान प्रक्रिया

विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शहर में बनाए जा रहे स्पीड ब्रेकरों को लेकर कोई टेंडर प्रक्रिया नहीं अपनाई गई किए गए काम का भुगतान जिम्मेदार अधिकारी बड़ी ही चतुराई से छोटे-छोटे भुगतान के रूप में कर रहे हैं क्योंकि 20 से 30 हजार तक के भुगतान में किसी भी टेंडर प्रक्रिया या अन्य कोई विशेष नियमों का प्रावधान नहीं है आम नागरिकों में नपा के इस जबरदस्ती बाले विकास को लेकर आक्रोश है।

## इनका कहना है

*पहले ही लगे थे ब्रेकर अभी कहीं नहीं लग रहे हैं हम दिखाते हैं किसकी परमिशन से ठेकेदार ब्रेकर लग रहा है।*

***मनमोहन साहू** नगर पालिका अध्यक्ष सिरोंज*

*यह कार्य में नहीं देख रहा हूं इंजीनियर मार्को साहब है वह देख रहे होंगे इसकी जानकारी मुझे नहीं है।*

***मिथिलेश दीक्षित** इंजीनियर अतिरिक्त प्रभार नगर पालिका सिरोंज*

# यातायात पुलिस की चेतावनी के बाद भी लापरवाही जारी

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



पिछले दिनों यातायात पुलिस के द्वारा लापरवाही बरतने वाले ट्रैक्टर ट्राली चालकों को समझाई देते हुए कहा था कि लोहे का सरिया भरने के बाद उसमें लाल कपड़ा आदि लगाए जिससे कि सामने वाले वाहन चालक को दूर से ही ट्राली में रखी सामग्री दिखाई देगी तो दुर्घटना नहीं इसके बाद भी अधिकांश ट्रैक्टर ट्राली चालकों के द्वारा लापरवाही से लोहे को ले जाने का कार्य किया जा रहा है । उनकी लापरवाही के कारण किसी दिन बड़ी अनहोनी भी हो सकती है। पहले भी कई बार इस तरह की लापरवाही के कारण दुर्घटनाएं हो चुकी है फिर भी इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है । लौहा बेचने वाले दुकानदारों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि जो ट्रैक्टर ट्राली में लोहा लेकर जा रहे हैं उनको एक लाल कपड़ा जरूर दिया जाए जिससे कि दूर से ही लोहे के सरिया नजर आ सके।

# मुख्य बाजार को जाम से मुक्ति दिलाने, ढाल बाजार में बनेगी पार्किंग: एसडीएम




**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

एसडीएम के द्वारा शहर को चौड़ा करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है मुख्य होने वाले जाम को खत्म करने के लिए ढाल में वाहन पार्किंग बनाई जा रही है जहां पर दो पहिया वाहन खड़े होंगे। बाजार में वाहन पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण दो पहिया बाहर निकलना भी मुश्किल होती है सीजन में तो यहां पर पैदल चलना भी मुश्किल होता है। क्योंकि बाजार सकर है इसी बीच वाहनों के आने-जाने के साथ जो व्यक्ति सामान लेने के लिए आता है तो वह अपने दो पहिया वाहन को बाजार में रख देता है । इस वजह से मुख्य बाजार में समस्या बढ़ जाती है । बरसों पुरानी विराट समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए एसडीएम हर्षल चौधरी ने धरातल पर काम प्रारंभ करते हुए ढाल बाजार में वाहन पार्किंग के लिए स्थान चिह्नित करते हुए वहां पर दो पहिया वाहनों को रखने के लिए काम करवाया जा रहा है। जिसके बाद बाजार में आने वाले व्यक्ति वहां पर अपने वाहनों को खड़े करके बाजार में खरीदारी कर सकेंगे दूसरी ओर सुबह 8 बजे से लेकर रात्रि 8 बजे तक मुख्य बाजार में भारी वाहनों के प्रवेश पर पूर्णत रोक लगाई जाएगी इस समय के बीच यदि कोई बड़ा वाहन बाजार में पाया जाता है तो भारी भरमक जुर्माना भी किया जाएगा । ढाल बाजार में वाहन पार्किंग बन जाने के बाद। सभी व्यापारियों को भी इसका फायदा मिलेगा और सामान लेने के लिए जाने वाले लोगों को भी वाहन रखने के लिए परेशान होना पड़ता है।

## इनका कहना है -

*व्यापारियों तथा ग्राम आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए ढाल बाजार में वाहन पार्किंग बना रहे हैं साथ ही सुबह 8:00 से लेकर रात ही 8:00 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश भी बाजार में पूर्णत वर्जित रहेगा, इसके बाद जाम की समस्या यहां पर दूर हो जाएगी।*

*हर्षल चौधरी एसडीएम सिरोंज*

# नवांकुर हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का हुआ आयोजन

**सिरोंज।** उपतहसील पथरिया स्थित नवांकुर हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। छात्र- छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जिसमें डांस, ड्रामा, फैंसी ड्रेस, माडल, रंगोली इत्यादि का शानदार प्रदर्शन किया। छात्र - छात्राओं ने ड्रामा, नाटक प्रस्तुत करके समाज के लोगो को जागरूक किया।

## एसडीएम ने संयुक्त रूप से कृषि उपज मंडी की ली बैठक

# अनाज चोरी रोकने के लिए ठोस कदम निगरानी के लिए बढ़ाए जाएंगे कैमरे





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

कृषि उपज मंडी में अनाज चोरी की घटनाएं अधिक होने के कारण मंडी में आवक घट गई इस वजह से उसका ग्रेड भी घट गया है। उसको बढ़ाने के लिए एक बार फिर से एसडीएम हर्षल चौधरी के नेतृत्व में सभी लोग मिलकर काम करेंगे इसका आश्वासन बैठक में सभी ने मिलकर दिया है। समस्याओं को लेकर गुरुवार को मंडी के रेस्ट हाउस में संयुक्त रूप से बैठक हुई जिसमें एसडीएम हर्षल चौधरी, मंडी सचिव फतेह सिंह चौहान, थोक अनाज तिलन संघ अध्यक्ष समीर भार्गवा, किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी, किसान संघ अध्यक्ष अंनरत सिंह रघुवंशी के साथ सभी व्यापारी,तुलवाट हम्मल यूनियन अध्यक्ष कमर अली आदि की मौजूदगी में एसडीएम ने सब की एक-एक करके बात है सुनी और कहा कि जो भी समस्याएं व्यापारीगणो किसानों ने तुलावटो ने रखी है और किसानों के हित में मंडी में जो भी काम होना है उनको प्राथमिकता से करवाया जाएगा जिसमें सबसे पहले कम अनाज चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए जितने भी हम्मल तुलावट काम करते हैं उन सभी का पुलिस वेरिफिकेशन के साथ पहचान के लिए आई कार्ड जारी किया जाएगा।

यदि किसी भी तरह की गड़बड़ी कोई करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की उसकी पहचान हो जाएगी ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात एसडीएम ने कही पुराने मंडी प्रांगण में इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटे को जल्दी लगवाया जाएगा, गेट का काम भी जल्दी पूर्ण करवा दिया जाएगा जितने भी तोल कांटे हैं उनकी जांच भी करवाई जाएगी गडवाली मिलने पर कार्रवाई भी होगी 5 में किसानों को कैंटीन पर भोजन की व्यवस्था पिछले 3 महीने से बंद है इसको फिर से चालू करवाने की बात कही थोक अनाज तिलन संघ अध्यक्ष समीर यादव ने कहा कि शहर के विकास में मंडी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए मंडी को शहर से बाहर करने की कार्रवाई की जाए अनाज चोरी होती है तो उसके लिए कार्रवाई करें हम सब सहयोग करेंगे एसडीएम ने कहा कि हमारी तरफ से पूरी प्रक्रिया हो गई है जमीन अधिग्रहण की मंजूरी भी कलेक्टर से होकर भोपाल चली गई है। वहां से स्वीकृति के बाद मंडी 17 एकड़ में बनाई जाएगी जहां पर सात रास्ते आने जाने के लिए मिलेंगे जल्दी अच्छी खबर मिलने वाली है। अभी मंडी में आने वाले जो रास्ता है वहां पर अतिक्रमण होने के कारण जाम लगने की बात भी श्री भार्गव ने रखी तो एसडीएम ने उसको हटाने की बात कही करते हुए कहा कि हम चौराहे को चौड़ा कर देंगे। फिर जाम की समस्या नहीं पानी निकासी की समस्या को भी दूर किया जाएगा सड़क में बनाने का काम भी हो रहा है। पीने के लिए शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाएगा तुलावटो को ठहरने के लिए एक अतिरिक्त कक्ष बनवाया जाएगा किसानों को पीने के लिए शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए वाटर कूलर लगवा जाएंगे किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि जो ढाई बीघा जमीन मंडी को दान में दी गई जमीन कहां है इस पर मंडी सचिव से एसडीएम ने मौके पर जवाब मांगा कहा कि यदि जमीन दी गई है तो वह कहां है उसकी जांच करवा कर जमीन को संरक्षित कर कर उसका उपयोग छोटी डाक नीलामी के लिए किया जाएगा चोरी करवाने वाला कोई भी हो उस पर कार्रवाई होनी चाहिए व्यापारियों ने कहा कि साफ सफाई के साथ पानी निकासी व्यवस्था नहीं है पीने के पानी की समस्या हो रही है इन सभी समस्याओं को दूर करवाने की बात भी एसडीएम ने कहीं वहीं जितने भी मंडी के इंस्पेक्टर है उन सब को ड्रेस में आने के लिए निर्देशित किया गया है ।

यदि कोई बगैर ड्रेस के आता है तो कार्रवाई की जाए अनाज चोरी रोकने के लिए सभी लोग मिलकर काम करें साथी किसान संघ अध्यक्ष अंनरत सिंह रघुवंशी ने कहा कि धर्म कांटों की तौल कई बार मनी नहीं जाती है इस पर एसडीएम में कहा कि जो इस बात को नहीं मानता उसके खिलाफ हम कार्रवाई करेंगे। वहीं कुछ व्यापारियों ने कहा कि तुलवात कांटों पर रहते नहीं है इस पर एसडीएम ने कहा कि इनका निरीक्षण करवाया जाएगा जो नहीं मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई करें। एसडीएम ने कहा कि हम सबको मिलकर मंडी को आदर्श मंडी बनाने के लिए मिलकर काम करना पड़ेगा । जो भी समस्या है बताई गई है उनको अपनी तरफ से दूर करवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा कुछ काम हो रहे हैं जो रह गए हैं उनको भी करवाएंगे। भाई एसडीएम के द्वारा पिछले दिनों अतिक्रमण हटाकर रास्ता चौड़ा करवाने सहित मंडी खेत में किए गए कामों की सभी संगठनों ने तारीफ की इसके अलावा एसडीएम हर्षद चौधरी के पिताजी तथा हम्मल यूनियन अध्यक्ष अजीज मौलाना का निधन पिछले दिनों होगा इसलिए दोनों को श्रद्धांजलि भी 2 मिनट का मौन धारण करके दी गई।

## जल्दी ही मंडी होगी शहर से बाहर

### बढ़ाए जाएंगे कैमरे

सभी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जांच के बाद मंडी में आवश्यकता के अनुसार केमरे बनाने की कार्रवाई भी की जाएगी अभी जो कैमरे लगे उनकी संख्या 20 के करीब है जरूरत के हिसाब से कैमरे को बढ़ाने के लिए एसडीएम कहा कि नायव तहसीलदार के नेतृत्व में एक टीम नेतृत्व में एक टीम गठित करके पूरे मंडी क्षेत्र का जायजा लेकर कितने केमरे बढ़ाया जा सकते हैं उनकी रिपोर्ट बना कर दी जाएगी फिर कैमरे लगाने का काम मंडी में से कर दिया जाएगा ।

### समीर भार्गव ने जनहित के मुद्दों पर डाली रोशनी

थोक अनाज तिलन संघ अध्यक्ष समीर यादव ने कहा कि शहर के विकास में मंडी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है इसलिए मंडी को शहर से बाहर करने की कार्रवाई की जाए अनाज चोरी होती है तो उसके लिए कार्रवाई करें हम सब सहयोग करेंगे। अभी मंडी में आने वाले जो रास्ता है वहां पर अतिक्रमण होने के कारण जाम लगने की बात भी श्री भार्गव ने रखी।

**मेट्रो एंकर** | कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

# रोजगार दिवस: 1398 हितग्राहियों को उद्यम स्थापना के लिए 3253 लाख की ऋण राशि वितरित



**रायसेन, दोपहर मेट्रो**

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार से जोड़ने, उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रहीं हैं। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने कहा कि युवाओं को रोजगार से जोड़ने के साथ ही सरकार द्वारा महिलाओं को भी आजीविका मिशन और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। आज अनेक महिलाएं ना सिर्फ स्वयं आत्मनिर्भर बन रहीं हैं बल्कि अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ रहीं हैं।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि आज जिले में भारत सरकार एवं मप्र शासन द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, ग्रामीण तथा शहरी आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री पथकर विक्रेता योजना एवं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना सहित अन्य रोजगारमूलक योजनाओं में कुल 1398 पात्र हितग्राहियों को उद्यम स्थापना हेतु 3253.93 लाख रू के ऋण प्रकरण स्वीकृत एवं वितरित किए गए हैं। एलडीएम श्री एचएस सोनी द्वारा विभिन्न योजनाओं में बैंकों के समन्वय से स्वरोजगार हेतु ऋण वितरण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में अनेक हितग्राहियों को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए गए। साथ ही अनेक हितग्राहियों द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। मुरैना में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन का भी लाईव प्रसारण देखा व सुना गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया सहित अनेक अधिकारी और हितग्राही उपस्थित रहे।



## भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट: टीम इंडिया ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी

# 103 रन पर भारत का दूसरा विकेट गिरा, एंडरसन ने गिल को 5वीं बार आउट किया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट आज से विशाखापट्टनम के राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला लिया। भारत के श्रेयस अय्यर और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर हैं। यशस्वी का अर्धशतक पूरा हो चुका है। 29 ओवर के बाद स्कोर 103/2 है। भारत को दूसरा झटका शुभमन गिल के रूप में लगा। उन्हें जेम्स एंडरसन ने आउट किया। एंडरसन ने गिल को टेस्ट में पांचवीं बार आउट किया है। इससे पहले, रोहित 14 रन बनाकर आउट हुए। इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। टीम ने पहले मैच में भारत को 28 रन से हराया था। ऐसे में भारत पर अपने घरेलू मैदान पर 12 साल के बाद लगातार दो टेस्ट हारने का खतरा है। बता दें इंग्लैंड पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है।

### यशस्वी ने रूट के ओवर में 2 चौके जड़े

इंग्लैंड की तरफ से दूसरा ओवर जो रूट ने फेंका। इस ओवर में भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल ने दो चौके लगाए। उन्होंने पहला चौका पॉइंट और कवर के बीच गैप में मारा।



### इंडिया मुकाबले में अच्छा परफॉर्म कर सीरीज में करना चाहेगी वापसी

भारत के लिए रोहित शर्मा और यशस्वी जयसवाल ओपनिंग कर रहे हैं. टीम इंडिया इस मुकाबले में अच्छा परफॉर्म कर सीरीज में वापसी करना चाहेगी. रजत पाटीदार को प्लेइंग इलेवन में रखा है. उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शतक जड़ा था. पाटीदार इससे पहले घरेलू मैचों में अच्छा परफॉर्म कर चुके हैं. **दोनों टीमों की प्लेइंग-11 भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, श्रेयस अय्यर, केएस भरत, आर अश्विन, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव। **इंग्लैंड-** बेन स्टोक्स (कप्तान), जैक क्रॉले, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन फोक्स, रेहान अहमद, टॉम हार्टले, शोएब बशीर और जेम्स एंडरसन।

### रजत पाटीदार का डेब्यू

इंडिया टीम से रजत पाटीदार ने डेब्यू किया। उन्हें केएल राहुल की जगह मौका दिया। राहुल चोट की वजह से दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। टीम इंडिया दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 में तीन बदलाव की है। केएल राहुल की जगह रजत पाटीदार, रवींद्र जडेजा की जगह कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज की जगह मुकेश कुमार को मौका दिया गया है।

### इंग्लैंड के प्लेइंग-11 में एंडरसन की वापसी

इंग्लिश टीम दूसरे मैच के लिए प्लेइंग-11 का ऐलान एक दिन पहले ही कर दी थी। टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन की वापसी हुई है। वहीं स्पिनर जैक लीच के बाहर हो जाने के बाद शोएब बशीर डेब्यू करेंगे। लीच हैदराबाद में पहले टेस्ट के दौरान इंजर्ड हो गए थे। फील्डिंग के दौरान उनके घुटने में चोट लगी थी।

## पृथ्वी शॉ रणजी ट्रॉफी के लिए फिट, बंगाल से मैच आज

# मुंबई एलिट ग्रुप-बी में टॉप पर, आखिरी 3 मैच जीतकर नॉकआउट स्टेज में क्वालिफाई की कोशिश

**कोलकाता, एजेंसी**

टीम इंडिया के विस्फोटक ओपनर पृथ्वी शॉ कमबैक के लिए तैयार हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें रणजी ट्रॉफी के स्क्वॉड में शामिल किया है। इंजरी से रिकवरी करने के बाद 24 साल के बैटर पूरी तरह फिट हैं और आज ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बंगाल के खिलाफ मैच भी खेलेंगे। मुंबई फिलहाल एलिट ग्रुप-बी में टॉप पर है, टीम आखिरी 3 मैच जीतकर नॉकआउट स्टेज में क्वालिफाई करना चाहेगी। पृथ्वी शॉ पिछले साल सितंबर में इंजर्ड हो गए थे। इंग्लैंड में वनडे कप खेलने के दौरान उनका घुटना चोटिल हो गया। तब से वह बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में इलाज करा रहे थे। रिकवरी के बाद अब आईसीसी ने उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया है। पृथ्वी शॉ मुंबई के लिए 2023 में विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मुकाबले नहीं खेल सके। वह रणजी ट्रॉफी में भी टीम के शुरुआती 4 मुकाबलों में शामिल नहीं हो सके।

### पृथ्वी तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके

पृथ्वी शॉ ने 2018 में ही भारत के लिए टेस्ट डेब्यू कर लिया था। तब से उन्होंने 2020 में वनडे और 2021 में टी-20 डेब्यू भी कर लिया। हालांकि, 2021 के बाद से वह टीम इंडिया की प्लेइंग-11 में जगह नहीं बना सके। शॉ ने भारत के लिए 5 टेस्ट में 339 रन बनाए हैं। 6 वनडे में उनके नाम 189 रन हैं। वहीं एकमात्र टी-20 में वह खाता भी नहीं खोल सके।

### फर्स्ट क्लास ट्रिपल सेंचुरी लगा चुके पृथ्वी

फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 44 मैचों में पृथ्वी ने 3802 रन बनाए हैं। 16 फिफ्टी और 12 सेंचुरी भी शामिल हैं। उन्होंने पिछले साल ही जनवरी में असम के खिलाफ 379 रन की पारी खेली थी। इसके अलावा पृथ्वी के नाम लिस्ट-ए में 10 और टी-20 में एक सेंचुरी भी है। पृथ्वी शॉ 44 फर्स्ट क्लास मैचों में 12 सेंचुरी लगा चुके हैं।

# जीत के लिए कुछ अलग करना होगा



**आलोक गोस्वामी**
खेल विश्लेषक

टीम इंडिया बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का काफिला अब विशाखापत्तनम पहुंच चुका है। टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में एक बार फिर शुक्रवार से विशाखापत्तनम में दोनों टीमें आमने-सामने होगी। भले ही इंग्लैंड से घरेलू सरजमीं पर पहले मुकाबले में कड़ी शिकस्त का सामना करने के बाद रोहित सेना की निगाहें दूसरे मैच को जीत कर वापसी करने पर रहेंगी,लेकिन कोच ब्रेडन मैकुलम और कप्तान बेन स्ट्रोक्स की अगुवाई में टेस्ट क्रिकेट को अलग अंदाज में खेल रही इंग्लैंड टीम को अगर हराना है तो टीम इंडिया को भी अपना अंदाज बदलना होगा। विराट कोहली की गैरमौजूदगी व हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन करने वाले जडेजा और केएल राहुल को अचानक लगी चोटों ने भारतीय टीम की मुश्किलें बड़ा दी हैं। टीम पहले ही सीरीज में 1-0 से पीछे चल रही है जिस वजह से मेहमान टीम मनोवैज्ञानिक बड़त भी हासिल कर चुकी है।इंग्लैंड टीम ने विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए एक बार फिर 3 फिरकी और एक तेज गेंदबाज को एकादश में शामिल किया है। हैदराबाद टेस्ट में वीसा की उलझन में फंसे युवाऑफ स्पिनर शोएब बसीर को लीच की जगह वहीं तजुर्बेकार एंडरसन को वुड की जगह एकादश में मौका मिला है। सीनियर खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में कप्तान रोहित शर्मा के लिए एकादश की उलझन चुनौती पूर्ण हैं।सरफराज खान और रजत पाटीदार में से किसी एक का डेब्यू तय माना जा रहा है,जबकि गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वाशिंगटन सुंदर और सौरभ से किसी एक को फिरकी में आजमाया जायेगा वहीं बूमराह का जोड़ीदार भी इस मैच में नया हो सकता है।वैसे मेरे नजरिए में कुल्दीप यादव बतौर फिरकी सबसे बेहतर विकल्प हो सकते हैं।दरअसल पहले मैच में जडेजा और अक्षर पटेल को एक साथ खिलाना टीम इंडिया के लिए फायदेमंद साबित नहीं हुआ था। हैदराबाद में पहली पारी में पिछड़ने के बाद इंग्लैंड टीम ने टीम इंडिया के एक ही लहजे के इन दोनों फिरकी के खिलाफ दूसरी पारी में स्वीप,रिवर्स स्वीप और स्कूप शॉट्स से जीत हासिल कर ली थी। अब अगर कुलदीप यादव को चोटिल जडेजा की जगह मौका मिलता है तो फिर फिरकी गेंदबाजी में विविधता हो जायेगी।वैसे भी कुलदीप यादव जिस अंदाज में गेंदबाजी करते हैं,उस पर फिरकी मददगार पिच में इंग्लैंड टीम की जीत के वह मूलमंत्र घातक साबित हो सकते हैं।मतलब एकदम साफ है कि इस मैच में टीम इंडिया की अंतिम एकादश बेहद दिलचस्प रहने वाली है। वैसे भारतीय सरजमीं पर होने वाली टेस्ट सीरीज मे टॉस का किरदार हमेशा बेहद अहम साबित होता है क्योंकि टॉस विजेता टीम पहले बल्लेबाजी कर आखिरी पारी की चुनौती विपक्षी टीम को देती है,लेकिन सच तो यह भी है कि अगर मैच अंतिम दिन तक नही पहुंचता तो फिर टॉस के मायने भी कम हो जाते हैं।अब यह देखना रोचक रहेगा कि टीम इंडिया अपने दिग्गज खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में क्या गुल खिलाती है लेकिन इस बात में कोई शक नहीं कि अगर टीम को सीरीज में वापसी करनी है तो उसको भी इंग्लैंड की ही तरह कुछ अलग अंदाज के दांव खेलने पड़ेंगे।



## मेट्रो बाजार

# प्लेन में बैठने वाले यात्रियों की संख्या में 37फीसदी इजाफा

### बीते साल पहली बार प्लेन में बैठे 3 करोड़ लोग

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत में हवाई सफर अब सपना नहीं रहा और धीरे-धीरे लोगों की पहुंच में आ रहा है। साल 2023 में 3 करोड़ भारतीयों ने पहली बार हवाई यात्रा की। इंडिगो के आंकड़ों के हिसाब से देश में हर साल पहली बार हवाई यात्रा करने वाले लोगों की तादाद 37 फीसदी की दर से बढ़ रही है। एयरलाइंस कंपनी आकासा की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल कंपनी के यात्रियों में 10 फीसदी पहली बार हवाई सफर करने वाले यात्री थे।





### 2024 में 2.5 करोड़ पहली बार यात्रा करेंगे

इस साल करीब 15.5 करोड़ लोग हवाई सफर करेंगे। इनमें से 2.5 करोड़ पहली बार यात्रा करेंगे। कैपा इंडिया की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा नहीं किया गया है कि उन्होंने पहली बार हवाई यात्रा कर रहे यात्रियों का डेटा कैसे निकाला, लेकिन यह बताया कि हवाई यात्रियों की औसत उम्र 10 साल कम हुई है। विशेषज्ञ हवाई सफर बढ़ने के पीछे तीन बड़ी वजह बता रहे हैं- पहली लोगों की पारिवारिक आय का बढ़ना, दूसरी तेजी से नए रूट और नए एयरपोर्ट तैयार होना और तीसरी मिडिल क्लास लोगों में वीकेंड वेकेशन मनाने का ट्रेंड बड़ा है। खास बात यह रही कि छोटे शहरों से यात्रियों की संख्या तेजी से बड़ी है। जैसे-जैसे नए रूट खुल रहे हैं, यात्रियों की संख्या बढ़ रही।

## भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कार एक्सीडेंट को किया याद

# पंत की आईपीएल से क्रिकेट में होगी वापसी!

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने अपने कार एक्सीडेंट को याद करते हुए कहा- उस दिन मुझे लगा कि दुनिया में मेरा टाइम पूरा हो गया है। 26 साल के पंत ने पहली बार उस घटना पर खुलकर बात की है।

पंत ने एक इंटरव्यू में कहा- पहली बार मुझे जिंदगी में लगा कि मेरा समय खत्म हो चुका है। दुर्घटना के समय मुझे पता था कि मुझे कहां-कहां चोट लगी है। यह और भी गंभीर हो सकता था, लेकिन मैं भाग्यशाली रहा। पंत ने मजाकिया लहजे में कहा कि मैंने एक एसयूवी गाड़ी ली थी, लेकिन दुर्घटना के बाद उसकी स्थिति सेडान जैसी हो गई थी। एक साल पहले 30 दिसंबर 2022 को दिल्ली से देहरादून जाते हुए पंत की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। अब वे रिकवरी कर चुके हैं और आगामी आईपीएल सीजन से क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। पंत बोले मैं रजत-निशु की वजह से जिंदा हूं पंत ने कहा- मैं रजत और निशु कुमार की वजह से ज़िंदा हूं। इन दोनों ने ही एक्सीडेंट के बाद पंत को कार से बाहर निकाला था। पंत के बाहर आते ही कार पूरी तरह जल गई। पंता ने कहा- मैं आजीवन इन दोनों लड़कों का आभारी रहूंगा। पंत ने दुर्घटना के समय को याद करते हुए बताया- मेरा दायां घुटना पूरी तरह से डिसलोकेट हो गया था।



## केएस भरत को आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने किया सम्मानित

**विशाखापट्टनम,एजेंसी।** टीम इंडिया के विकेटकीपर केएस भरत को गुरुवार को वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने सम्मानित किया। भरत अपने घर में इंटरनेशनल टेस्ट खेलने वाले राज्य के दूसरे क्रिकेटर होंगे। इससे पहले हनुमा विहारी 2 अक्टूबर 2019 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेले थे। केएस भरत ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम घबराई नहीं है।

# मर्सिडीज-बेंज कूपे का फेसलिफ्ट लॉन्च, माइल्ड-हाइब्रिड इंजन के साथ 250 किमी की टॉप स्पीड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लग्जरी कार बनाने वाली मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने भारत में मर्सिडीज-बेंज और 53 कूपे का फेसलिफ्ट वर्जन लॉन्च कर दिया है। 53 कूपे माइल्ड हाइब्रिड इंजन के साथ आएगी। ये कार 250 की टॉप स्पीड हासिल कर सकती है। वहीं, मर्सिडीज-बेंज को पेट्रोल और डीजल इंजन के साथ पेश किया गया है। कंपनी ने दोनों कार में कॉस्मेटिक अपडेट किए हैं। नई मर्सिडीज-बेंज तीन वैरिएंट- 200, मैटिक और मैटिक लाइन में आएगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 50.50 लाख रुपए से शुरू होती है, जो टॉप एंड वैरिएंट में 56.90 लाख रुपए तक जाती है। वहीं, 53 कूपे को सिंगल वैरिएंट में पेश किया गया है, लेकिन इसमें कस्टमाइजेशन का ऑप्शन मिलता है। इसकी एक्स-शोरूम प्राइस 1.85 करोड़ रुपए रखी गई है। इंडियन मार्केट में 2024 मर्सिडीज बेंज का मुकाबला ऑडी से रहेगा। यह गाड़ी मिनी कूपर कंट्रीमैन के मुकाबले ज्यादा सस्ता ऑप्शन है। वहीं, मर्सिडीज 53 कूपे का मुकाबला पोर्श केयेन कूपे और रूसे है। स्पोर्टियर फेसलिफ्ट मॉडल के फ्रंट में और फ्रंट बंपर के लोअर पोर्शन को अपडेट्स किया गया है। इसके अलावा बॉडी स्टाइल वाली कार के डिजाइन में छोटे-मोटे बदलाव भी किए हैं, इसके बोनट पर अब मर्सिडीज बेंज के स्टार के बजाए एंब्लम दिया गया है।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### वेबसीरीज : हीरामंडी का फर्स्ट लुक आया सामने

# रानियों की तरह थी तवायफों की जिंदगी!

## प्यार-पावर और आजादी की होगी कहानी



संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' की रिलीज का सभी बेसब्री होकर इंतजार कर रहे हैं। इसका फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है और इसी के साथ एक गुड न्यूज ये है कि भंसाली का ये शो इसी साल रिलीज होगा। ये जानकारी शो के फर्स्ट लुक वीडियो में ही दी गई है। संजय लीला भंसाली की पहली वेब सीरीज 'हीरामंडी' का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। ये कहानी उस दौर की है, जब तवायफ भी रानियों की तरह रहती थीं। राज करती थीं, लेकिन जिंदगी आसान नहीं थी। प्यार, पावर और आजादी की इस कहानी को आप इसी साल नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। इसमें सोनाक्षी सिन्हा से मनीषा कोइराला और अदिति राव हैदरी तक ने दमदार भूमिका निभाई है। फिल्म के टीजर में भव्य सेट से लेकर रानियों की तरह रहने वाली वेश्याओं की जिंदगी को करीब से दिखाया गया है। 1 मिनट 10 सेकेंड के वीडियो में तवायफों के रानी की तरह राज करने और अपनी सत्ता को बनाए रखने के जद्दोजहद को दिखाया गया है।

### भंसाली का वही पुराना अंदाज देख खड़े हो गए रोंगटे

'हीरामंडी' का फर्स्ट लुक देखकर फैंस के रोंगटे खड़े हो गए हैं। उनका कहना है कि भंसाली एक बार फिर अपना जादू चलाने वाले हैं। 'हम दिल दे चुके सनम' और 'देवदास' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके भंसाली अपने 'ग्रैंड' स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों में बड़े-बड़े सेट और भव्य डिजाइन्स देखने को मिलता है। चाहे फिल्म का म्यूजिक हो या फिर डायलॉग, वो हर एक चीज पर बारीकी से काम करने के लिए जाने जाते हैं।

## रोमांचक होगी फरवरी, रिलीज होगी शानदार वेब सीरीज

फरवरी का महीना बेहद रोमांचक होने वाला है। इस महीने एक से बढ़कर एक वेब सीरीज रिलीज होने जा रही है। सुष्मिता सेन की मच अवेटेड क्राइम सीरीज 'आर्या अंतिम वार' 9 फरवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होने के लिए तैयार है। हिस्टोरिकल ड्रामा सीरीज 'द न्यू लुक' एप्पल टीवी प्लस पर स्ट्रीम होगी। इस सीजन के पहले 3 एपिसोड्स 14 फरवरी को रिलीज होंगे. तो वहीं बाकी के एपिसोड्स 13 अप्रेल को जारी किए जाएंगे। वहीं अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की डॉक्यूमेंट्री 21 फरवरी को एप्पल टीवी प्लस पर रिलीज होगी. इस डॉक सीरीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कोरियन सीरीज किलर पेराडॉक्स 9 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' 2 फरवरी को अमेजॉन प्राइम पर रिलीज होगी। इसमें शादी को सबसे खतरनाक चीज बताई गई है।

# रश्मिका से रणबीर बोले-आप इस दुनिया में जो चाहें वो कर सकती हैं

रश्मिका मंदाना ने एक इंटरव्यू के दौरान रणबीर कपूर और सिध्दार्थ मल्होत्रा के बारे में कुछ बाते शेयर की हैं। उन्होंने बताया कि रणबीर जिस तरह से महिलाओं का सम्मान करते हैं, उनकी ये क्वालिटी मुझे बेहद पसंद है। उन्होंने कहा- मैं रणबीर के सामने कभी ये बोलूं कि मुझे लगता है ये मुझसे नहीं हो पाएगा। ऐसे में रणबीर कहते हैं, आपको ऐसा क्यों लगता है कि नहीं हो पाएगा। आप इस दुनिया में जो चाहें वो कर सकती हैं। बेशक, हम ये सोचकर बड़े हुए हैं कि हम अपनी लाइफ में वो सब नहीं कर सकते जो हम चाहते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। रश्मिका ने कहा कि वो हमेशा हिम्मत बढ़ाने का काम करते हैं। वहीं सिध्दार्थ के बारे में उन्होंने बताया कि उनके साथ मैंने अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। जाहिर है शुरू में मैं काफी नर्वस थी, सिध्दार्थ ने मुझे काफी सपोर्ट किया था।

### सिद्धार्थ ने दिया मेरा साथ

फिल्म 'मिशन मजनू' की शूटिंग को लेकर रश्मिका ने कहा ये बॉलीवुड की मेरी पहली फिल्म थी। मुझे याद है कि मैं सेट पर जाती थी और सिर्फ ये जानने की कोशिश करती थी कि क्या सही है, क्या सही नहीं है? क्योंकि ये इंडस्ट्री मेरे लिए नई थी। नए लोग थे, सबकुछ नया था। ऐसे में मैं थोड़ा नर्वस थी। लेकिन सिद्धार्थ ने मुझे समझाया और मेरी मदद की।

### अपकमिंग फिल्में यह है...

रश्मिका मंदाना हाल ही में संदीप रेड्डी द्वारा निर्देशित फिल्म 'एनिमल' में नजर आई थीं। रश्मिका, अल्लू अर्जुन के साथ पैन इंडिया प्रोजेक्ट पुष्पा- द रूल में नजर आएंगी। इसके अलावा 'द गर्लफ्रेंड'और 'छावा' जैसी फिल्मों में भी दिखाई देंगी।



### आज जो कुछ भी हूं विजू की वजह से हूं

एक इंटरव्यू में रश्मिका से जब विजय के साथ उनके बॉन्ड के बारे में पूछा गया तो एक्ट्रेस ने कहा, 'विजू और मैं एक तरह से साथ ही बड़े हुए हैं। तो जो कुछ भी मैं आज आपनी लाइफ में कर रही हूं उसमें उसका कॉन्ट्रीब्यूशन है। मैं जो कुछ भी करती हूं.. हर चीज में उनका एडवाइस होता है। मुझे उनकी सलाह की जरूरत होती है और वो सिर्फ 'हां' कहने वाले इंसान नहीं हैं।' रश्मिका ने आगे कहा, 'विजय हमेशा एकदम ऑन पॉइंट रहते हैं कि यह सही और यह सही नहीं। मैं यह सोचता हूं और ऐसा नहीं। मेरी पूरी लाइफ में मुझे सबसे ज्यादा सपोर्ट विजय से ही मिला है। मुझे लगता है कि विजय वो हैं जिनकी मैं सबसे ज्यादा रिस्पेक्ट करती हूं।'

## मैरिज गार्डन से दुल्हन की मां का नगदी व जेवर भरा पर्स चोरी


फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो

खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित फारच्यून मैरिज गार्डन में आयोजित शादी समारोह के दौरान अज्ञात चोर नगदी व जेवरात से भरा पर्स चुरा ले गए। दुल्हन की मां अपना पर्स सोफे पर रखकर फोटो खिंचवाने स्टेज पर गई थीं। उसी दौरान अज्ञात बदमाश ने पर्स चोरी कर लिया।

पुलिस के मुताबिक पुरुषोत्तम नगर सेमरा कला निवासी राजू श्रीवास (38) कारोबार करते हैं। विगत 29 जनवरी को उनकी छोटी बहन लक्ष्मी श्रीवास की शादी का कार्यक्रम फारच्यून मैरिज गार्डन खजूरी सड़क इलाके में आयोजित किया गया था। रात करीब साढ़े 12 बजे स्टेज पर दूल्हा-दुल्हन का आशीर्वाद समारोह चल रहा था। उस समय दुल्हन की मां स्टेज के सामने सोफे पर बैठी थीं। कुछ समय बाद मां अपना लेडीज हैंड बैग सोफे पर रखकर फोटो खिंचवाने स्टेज पर चली गईं। फोटो खिंचवाने के बाद वह वापस सोफे पर आई तो उनकी लेडीज बैग वहां नहीं मिला। बैग में नगदी व ज्वैलरी रखी थी। आसपास गार्डन में सभी जगह बैग की खोजबीन की गई लेकिन सुराग नहीं मिला। बैग में कुछ गि ट में मिली ज्वैलरी भी थी। शादी की व्यस्तता के चलते फरियादी राजू श्रीवास एक दिन बाद चोरी का प्रकरण दर्ज कराने थाने पहुंचे।

## व्यवसायी की कार से लैपटॉप व नगदी ले उड़े चोर


फाइल फोटो

**भोपाल।** कमलानगर थाना क्षेत्र स्थित ऋषि परिसर के पास कार से अज्ञात चोर नगदी व लैपटॉप चुरा ले गए। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नेहरू नगर निवासी दीपक राजौरिया (38) ुद का व्यवसाय करते हैं। विगत 28 जनवरी की दोपहर करीब ढाई बजे वह अपने परिचित प्रदीप खांडेकर का स्वास्थ्य जानने उनके घर ऋषि परिसर गए थे। वह अपने परिचित राम चतुर्वेदी के साथ उनकी कार से गए थे। कार में दीपक राजौरिया का एक बैग व थैला रखा था। बैग में लैपटॉप व करीब दो हजार रुपए नगदी समेत दस्तावेज रखे थे। परिचित का हालचाल जानने के बाद दीपक राजौरिया और राम चतुर्वेदी लौटने के लिए कार के पास आए तो उसमें रखे दोनों बैग गायब थे। आसपास पूछताछ करने पर भी दोनों बैगों का सुराग नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के िलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है।

### श्यामला हिल्स स्थित किलोल पार्क के पास बीती रात हुआ हादसा

# बीआरटीएस कॉरीडोर में दो स्कूटर आपस में टकराईं, एक की मौत, चार घायल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित किलोल पार्क के पास बीती रात बीआरटीएस कॉरीडोर में दो स्कूटर आपस में टकरा गईं। हादसे के समय एक स्कूटर पर तीन युवक और दूसरी स्कूटर पर दो युवक थे। सभी को हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां एक युवक की कुछ ही देर बाद इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो युवकों अधिक चोट होने के कारण उनका इलाज चल रहा है। दो को मामूली चोट होने के कारण उन्हें इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

एसआई प्रदीप गुर्जर ने बताया कि मोहम्मद मुजाहिद पिता मोहम्मद जाकिर (32) अफताब मंजिल कमला पार्कमें रहने वाले इरशाद आलम के घर रह रहा?था। मोहम्मद मुजाहिद एयरटेल कंपनी में टावर मेंटेनेंस का काम करता था। मूलत~बिहार निवासी मुजाहिद करीब दो महीने से इरशाद आलम के घर पर रह था। मुजाहिद को काम के सिलसिले में अक्सर प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में जाना पड़ता था। शुक्रवार को उसे जबलपुर में काम था और उसके साथी उसे स्कूटर से आईएसबीटी छोड़ने जा रहे थे। स्कूटर मुजाहिद चला रहा था, जबकि उसके दो दोस्त पीछे बैठे हुए?थे। तीन अफताब मंजिल से आईएसबीटी जाने के लिए निकले थे। मुजाहिद बीआरटीएस में स्कूटर चला रहा था। किलो पार्क औश्र कमला पार्क के बीच पेट्रोल पंप के सामने पहुंचते ही सामने से आ रहे स्कूटर सवार दो युवकों ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर आमने सामने की थी और दोनों ही स्कूटर पर सवार पांचों युवकों को चोट आई?थी। सभी को एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां इलाज के दौरान कुछ ही देर बाद मुजाहिद की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बैठे एक युवक को गंभीर चोट आई है। उसका इलाज चल रहा है। इसी प्रकार दूसरे स्कूटर पर सवार दो युवकों में एक युवक को गंभीर चोट आई?है। उसका भी हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है।





### बिहार से निकले परिजन

रात करीब पौने 11 बजे हुए हादसे के बाद मौत की खबर परिजन को दे दी गई?थी। मुजाहिद के परिजन रात में ही बिहार से भोपाल के लिए रवाना हो गए हैं। परिजन से बातचीत हो गई?है। इरशाद आलम की मौजूदगी में शव का पीएम कराने के बाद सौंप दिया जाएगा। शाम तक भोपाल पहुंचने पर मुजाहिद के परिजन को शव सौंपा जाएगा।

## ब्यावरा के किराना व्यापारी ने शांति लॉज में लगाई फांसी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित शांति लॉज में ब्यावरा, राजगढ़ से आए किराना व्यापारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे कल गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे पत्नी से मंदिर जाने का कहकर निकले थे। इसके बाद भोपाल पहुंचे और शांति लॉज में कमरा बुक करने के बाद उन्होंने फांसी लगा ली। उनके पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है। जिसमें उन्हें कुछ लोगों से प्रताड़ित होने की बात लिखी है। हालांकि जांच का हवाले देते हुए पुलिस ने सुसाइड नोट में क्या लिखा है यह बताने से इंकार कर दिया। पुलिस ने सुसाइड नोट जब्त कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 64 साल के सुरेश अग्रवाल मूलत~ब्यावरा के रहने वाले थे। उनका ब्यावरा में किराने का कारोबार है। अग्रवाल की दो बेटियां हैं और दोनों की शादी हो चुकी है। दोनों अमेरिका में अपने परिवार के साथ है। अग्रवाल ब्यावरा में अपनी पत्नी मनोरमा अग्रवाल के साथ रह रहे थे। मनोरमा अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे सुरेश उनसे कहकर गए थे कि मंदिर जा रहा हूं। इसके बाद नहीं लौटे उनका मोबाइल भी बंद हो गया था। मनोरमा ने अपने भतीजे हर्षित को जानकारी दी। हर्षित ने ब्यावरा थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस और परिजन सुरेश अग्रवाल की तलाश कर रहे थे।



**कल सुबह पत्नी से मंदिर जाने का कहकर निकले थे व्यापारी, लॉज में लिया कमरा और लगा ली फांसी**

### रात आठ बजे के आसपास मोबाइल चालू किया

हर्षित अग्रवाल और मनोरमा अग्रवाल उन्हें लगातार कॉल कर रही थी, लेकिन उनका उनका मोबाइल स्वीच ऑफ था। रात करीब आठ बजे के आसपास उनका मोबाइल चालू हुआ, लेकिन कॉल रीसिव नहीं हो रहा था। पुलिस ने टावर लोकेशन निकाली और परिजन के साथ भोपाल पहुंची। लोकेशन शांति लॉज में मिलने के कारण पुलिस ने लॉज में पूछताछ की तो पता चला कि वह रूम नंबर 111 में रुके हुए है। दोपहर तीन बजे ही उन्होंने रूम बुक कराया था।

### हो चुकी थी काफी देर

परिजन और पुलिस रूम नंबर 111 के बाहर पहुंची और दरवाजा खुलवाने के लिए सुरेश अग्रवाल को आवाज देने लगी, लेकिन वह दरवाजा कहां से खोलते वे फांसी लगा चुके थे। अनहोनी की आशंका होने पर होटल कर्मचारियों से दूसरी चाबी बुलवाई गई?और दरवाजा खोला गया। इस दौरान सुरेश अग्रवाल फांसी के फंदे पर नजर आए। सूचना मिलते ही हनुमानगंज पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए सुसाइड नोट बरामद कर लिया है।

## नाबालिग लड़की के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

भोपाल, दोपहर मेट्रो


फाइल फोटो

निशातपुरा इलाके में रहने वाली एक नाबालिग लड़की के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी की पिछले साल एक शादी समारोह में शाहरुक कुरैशी नामक युवक से मुलाकात हुई थी। शाहरुख सीहोर का रहने वाला है। वह किशोरी से मिलने के लिए भोपालआता था, जिससे उनके बीच दोस्ती हो गई। कुछ समय से किशोरी ने शाहरुख से बातचीत करना बंद कर दिया तो वह नाराज हो गया और किशोरी का पीछा कर उसे परेशान करने लगा। समझाईश के बाद भी जब शाहरुख की हरकतें बंद नहीं हुई तो पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

मंदबुद्धि युवक के साथ नाबालिग ने किया कुकर्म

भोपाल। अवधपुरी पुलिस ने एक एक नाबालिग के खिलाफ कुकर्म करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति अपने 26 साल के बेटे को लेकर थाने पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनका बेटा मंदबुद्धि है। उसने पिता को जानकारी दी कि बुधवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वह स्कूल जा रहा था, तभी रास्ते में 14 साल का नाबालिग मिला और झाड़ियों में ले जाकर उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने नााबालिग के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी नाबालिग नौवीं कक्षा का छात्र बताया गया है।

### हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** ऐशबाग पुलिस ने युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक अंकित सिंह ने पिछले साल 29 सितंबर 2023 को अभिषेक सेन और उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई थी, जबकि एक आरोपी दुर्गेश तिवारी निवासी ओल्स सुभाष नगर फरार चल रहा था। गुरुवार को पुलिस ने दुर्गेश को भी गिरफ्तार कर लिया।

**मेट्रो एंकर** खुलासा : बेटे व पति को लेकर थी परेशान

# पति की प्रताड़ना से दुखी होकर महिला बैंककर्मी ने लगाई थी फांसी

भोपाल, दोपहर मेट्रो



पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित पूर्वांचल फेस टू कॉलोनी में करीब साढ़े तीन महीने पूर्व यूनियन बैंक की महिला क्लर्क के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने उसके पति के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार पूर्वांचल फेस टू निवासी प्रीति तिग्गा पत्नी डेविड खाका (36) सुरभि होम्स अवधपुरी की यूनियन बैंक शाखा में क्लर्क थी। उनके पति डेविड खाका सीएजी के ऑडिट विभाग में नौकरी करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। बड़ा बेटा स्टीव तीन साल का है जबकि छोटे बेटे ऑस्टिन की उम्र छह माह है। उनकी शादी 2017 में हुई थी। 16 अक्टूबर 2023 को प्रीति तिग्गा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस की पूछताछ में डेविड ने बताया था कि छह महीने पहले छोटे बेटे की प्री-मैच्योर डिलीवरी हुई थी। प्रीति को लग रहा था कि समय से पहले जन्म होने के कारण उनका बेटा विकास नहीं कर सकेगा। उन्हें लगता था कि ऑस्टिन नाटा रह जाएगा। इस बात को लेकर वह तनाव में रहने लगी थी। मामला नवविवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसीपी ने की। जांच में यह बात सामने आई कि पति डेविड के किसी अन्य महिला से संबंध थे। वह पत्नी को प्रताड़ित करता था। कहता था, तू भाग जा या मर जा। दूसरी महिला को लेकर वह लगातार महिला बैंककर्मी को प्रताड़ित कर रहा था।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर झुग्गी में कल शाम एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। पुलिस के अनुसार राखी कलम पिता बलराम कलम (18) भीम नगर झुग्गी, अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र में रहती थी। उसके माता पिता मजदूरी करते हैं। मां ने पुलिस को बताया कि परिवार में दो ही बेटियां थी। बड़ी बेटी प्राइवेट काम करती है और वह अपने काम पर?थी। पति मजदूरी करने गए?थे। शाम को घर पर मां और राखी अकेली थी। मां ने राखी से सब्जी खरीदने साथ चलने का कहा, लेकिन उसने मना कर दिया। मां सब्जी लेने जाने लगी तो राखी ने दरवाजा तेज बंद किया। मां ने उससे दरवाजा खुलवाया और पूछा क्या बात है, लेकिन उसने कुछ नहीं कहा। मां सब्जी लेने चली गई। करीब बीस मिनट बाद घर लौटी तो राखी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन ने बताया कि राखी नवीं कक्षा तक पढ़ी थी और फिलहाल घर के कामकाज संभालती थी। उसने फांसी क्यों लगाई है यह बात परिजन के भी गले नहीं उतर रही है।

## निशातपुरा में नाले में कटा हुआ पैर मिलने से सनसनी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** निशातपुरा स्थित एक नाले में कटा हुआ पैर मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मानव अंग को संरक्षित कर पीएम के लिए भेज दिया। यह पैर नाले में कैसे आया, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस के मुताबिक विश्वकर्मा नगर स्थित मैरिज गार्डन के पीछे नाले में एक कटा हुआ पैर पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो एक पैर पानी में पड़ा मिला। पुलिस ने मानव अंग को बाहर निकालकर प्रिजर्व करवा दिया है। उसका पोस्टमार्टम कर यह पता लगाया जाएगा कि वह शरीर से कैसे अलग हुआ। पुलिस का यह भी कहना है कि जिस नाले में मानव अंग मिला, वह आगे जाकर कब्रिस्तान के किनारे से गुजरता है। संभावना है कि इसी कब्रिस्तान की किसी लाश के पैर को कुत्तों ने शरीर से अलग किया तथा खींच कर यहां पर ले आए होंगे।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022